तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 21.2 डिग्री

हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर





दशहरे के लिए सज गई रावण की फैक्ट्री, सबसे महंगा पुतला तीन लाख कीमत का तो सबसे सस्ता 5 हजार में

भिलाई-दुर्ग के 50 से ज्यादा जगहों पर आज जलेगा रावण, रामलीला का भी आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



कुथरेल में 30 से ज्यादा रावण के पुतले को अंतिम रूप देते कारीगर।



विजयादशमी का पर्व ट्विनसिटी में 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इसे लेकर भिलाई-दुर्ग के 50 से ज्यादा जगहों पर रावण, मेघनाथ और कुंभकार के पुतले तैयार किए जाने का काम अंतिम चरण में है। हर बार की तरह इस बार भी रिसाली और कुथरेल में रावण के पुतले तैयार करने की अस्थाई फैक्ट्री खोली गई है, जहां बना-बनाया रावण बिकने को पहुंचा है।

20 फीट से लेकर 50 फीट तक के रावण बिकने के लिए आए हैं। 30 हजार रुपए से लेकर 3 लाख रुपए कीमत तक के रावण तैयार किए जा रहे हैं। इस बार रावण को बारिश से बचाने के लिए फाइबर प्लास्टिक का इस्तेमाल किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक ऑर्डर पर रिसाली और कुथरेल में 50 से ज्यादा रावण तैयार किए जा रहे हैं। सेक्टर-7 इस्पात क्लब भवन में सीनियर सेकंडरी स्कूल सेक्टर-7 में जलाए जाने वाले रावण का पुतला तैयार किया जा रहा है। डुंडेरा निवासी रवि गौर इसे तैयार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके पास 10 से ज्यादा रावण, कुंभकरण और मेघनाथ बनाने का ऑर्डर है। इसी प्रकार कुथरेल निवासी डॉ. जितेंद्र साहू 30 से ज्यादा रावण के पुतले तैयार कर रहे हैं। इसी प्रकार अन्य कलाकार भी रावण के पुतले तैयार कर रहे हैं, जिन्हें 20 अक्टूबर को जलाया जाएगा। जितेंद्र साहू बताते हैं कि इस बार पर्यावरण को ध्यान रखकर पुतले तैयार किए जा रहे हैं। पुट्ठे वाला सिर सस्दा और मैदा-कागज की लुगदी वाले मुखौटे थोड़े महंगे पड़ते हैं। इस बार फाइबर प्लास्टिक का भी उपयोग किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक भिलाई में सेक्टर-7 मैदान, शाही दशहरा सिविक सेंटर, दशहरा मैदान रिसाली, बैकुंठधाम कैम्प क्षेत्र, सेक्टर-2 मैदान, मंगल भवन खुर्सीपार, आईटीआई ग्राउंड खुर्सीपार, तीन दर्शन मंदिर के सामने जीई रोड, शांतिनगर, नेहरूनगर, दुर्ग में रविशंकर स्टेडियम, मिनी स्टेडियम पद्मनाभपुर, मिनी स्टेडियम बैगापारा, पंचशील नगर, बोरसी, पोटिया, पुलगांव में रावण के पुतले का दहन किया जाएगा।

- रिसाली और कुथरेल में तैयार किए जा रहे रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले, तैयारी अंतिम चरण में

दुर्ग से दोपहर ढाई बजे होगी रावघाट के लिए रवाना

बस्तर के लिए आज से मेमू ट्रेन पटरी पर, हफ्ते में चलेगी पांच दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

बीएसपी के महत्वाकांक्षी माइनिंग प्रोजेक्ट को मिलेगी नई गति, सीएम विष्णुदेव करेंगे गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना

सेल और भिलाई इस्पात संयंत्र सहित दुर्ग जिला व बस्तर के दुर्गम तथा दूरस्थ वनांचल के लिए मंगलवार 20 अक्टूबर का दिन दोहरी खुशी लेकर आ रहा है। इस दिन विजयादशमी पर्व के साथ अंचल को रायपुर से दुर्ग होते हुए सीधे रावघाट तक रेल सेवा प्रारंभ होने की सौगात मिलने जा रही है। रावघाट–रायपुर मेमू यात्री रेल सेवा का शुभारंभ किया जाएगा। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रेल सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। 20 अक्टूबर को होने वाले उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा सहित राज्यसभा के सांसद राजीव शुक्ला, रंजीत रंजन और लक्ष्मी वर्मा, महासमुंद की सांसद रूपकुमारी चौधरी, कांकेर के सांसद भोजराज नाग, दुर्ग सांसद विजय बघेल तथा रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। इस रेलवे लाइन से दल्ली राजहरा - रावघाट रेलवे लाइन पर रावघाट तक पहली बार यात्री ट्रेन शुरू होने ने यात्रियों को सुविधा के साथ माइंस परियोजना को भी रफ्तार मिलेगी। यहां ट्रेन सामान्य दिनों में दोपहर 1.20 रायपुर से चलकर सरस्वती नगर, सरोना, कुम्हारी, चरोदा, भिलाई-तीन, पावर हाउस, भिलाईनगर होते हुए दोपहर 2.30 बजे दुर्ग पहुंचे और 10 मिनट के अंतराल के बाद आगे रावघाट के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन शाम करीब 7 बजे रावघाट पहुंचेगी। इसी प्रकार हर दिन सुबह 6.30 बजे रावघाट से रवाना होकर राजहरा, बालोद के रास्ते दोपहर 11.30 बजे दुर्ग पहुंचेगी। 11.40 बजे रवाना होकर दोपहर 1.05 बजे रायपुर पहुंचेगी।

अलग खबर

बीएसपी ने रेल लाइन व स्टेशनों के लिए किया वित्तीय सहयोग



95 किलोमीटर लंबी दल्लीराजहरा–रावघाट रेल परियोजना की परिकल्पना वर्ष 2008 में हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के अंतर्गत की गई थी। परियोजना का विकास भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल), भिलाई इस्पात संयंत्र और भारतीय रेलवे के प्रयासों से किया गया है। 1,880 करोड़ रुपए से अधिक की अनुमानित परियोजना लागत के विरुद्ध सेल अब तक 1,735 करोड़ रुपए का निवेश कर चुका है। बीएसपी ने रेल लाइन निर्माण, रेलवे स्टेशनों के विकास तथा विद्युतीकरण कार्यों के लिए महत्वपूर्ण वित्तीय सहयोग प्रदान किया है। दल्लीराजहरा से ताड़ोकी के बीच यात्री रेल सेवा वर्ष 2022 में प्रारंभ हुई थी, जिससे इस मार्ग के आसपास के निवासियों को बेहतर परिवहन सुविधा मिली। इसे बाद में रावघाट तक विस्तारित किया गया।

आज सिर्फ एक दिन के लिए दोपहर ढाई बजे छूटेगी रावघाट से

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि 20 अक्टूबर को यह ट्रेन दोपहर 2.30 बजे रावघाट से रवाना होगी। राजहार, बालोद के रास्ते यह ट्रेन शाम 6.35 बजे दुर्ग पहुंचेगी। इसके बाद आगे यह ट्रेन रात 8.15 बजे रायपुर पहुंचेगी। यही ट्रेन अगले दिन से 68768/68769 पर पटरी पर दौड़ेगी। सप्ताह में 5 दिन सोमवार से शुक्रवार तक रायपुर के लिए 3 और 2 दिन शनिवार व रविवार को 2 ट्रेन गुजरेगी। रावघाट-रायपुर मेमू पैसेंजर ट्रेन सुबह 6:46 बजे ताड़ोकी पहुंचेगी और 6:48 बजे रवाना होगी। अंतागढ़ में सुबह 7:01 बजे, केवटी में 7:13 बजे, भानुप्रतापपुर में 7:21 बजे, गुदुम में 7:37 बजे, सल्हाईटोला में 7:45 बजे और दल्लीराजहरा में सुबह 8:02 बजे पहुंचेगी। दल्लीराजहरा से 8:07 बजे रवाना होकर कुसुमकसा में 8:12 बजे और भैंसबोड़ में 8:19 बजे पहुंचेगी। बालोद स्टेशन पर सुबह 8:28 बजे पहुंचेगी। दो मिनट रूकेगी। लाटाबोड़ में 8:38 बजे, सिकोसा में 8:45 बजे, गुंडरदेही में 8:53 बजे, रिसामा में 9:09 बजे पहुंचेगी। पउवारा में 9:15 बजे, मरौदा में सुबह 10:05 बजे पहुंचेगी और 10:15 बजे रवाना होगी। दुर्ग में 11:30 बजे पहुंचेगी और 11:40 बजे रवाना होगी। भिलाई नगर, भिलाई पावर हाउस, भिलाई, देवबलौदा चरौदा, कुम्हारी, सरोना और सरस्वती नगर होते हुए ट्रेन दोपहर 1:05 बजे रायपुर पहुंचेगी।

दशहरा और दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए 766 जवानों की तैनाती

भिलाई। दशहरा और दुर्गा विसर्जन पर पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर करने के लिए 766 पुलिस बल तैनात किया है।जिसमें व्यवस्था के लिए सेक्टर ए और बी में बांटा गया है। व्यवस्था के लिए जिला स्तर, थाना स्तर, रक्षित केंद्र एवं ट्रैफिक शाखा के पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। चार्ट में जिला स्तर पर 9, थाना स्तर पर 379, रक्षित केंद्र दुर्ग से 275, ट्रैफिक शाखा में 103 का बल दर्शाया गया है। चार्ट में कुल 766 अंकित है, सेक्टर ए दुर्ग एवं धमधा अनुविभाग में प्रभारी एएसपी ग्रामीण मणिशंकर चन्द्रा हैं। और बी में एएसपी शोभराज अग्रवाल प्रभारी है। दशहरा पर्व के अंतर्गत कुल 174 स्थानों पर आयोजन प्रस्तावित हैं। इन स्थलों पर कार्यक्रम की प्रकृति एवं स्थानीय अनुरूप पुलिस व्यवस्था निर्धारित की गई है। रावण दहन के दौरान भीड़ नियंत्रण, आयोजन स्थलों के आसपास सुरक्षा निगरानी, आम नागरिकों की सुरक्षित आवाजाही पर ध्यान दिया जाएगा। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के अंतर्गत जिले में कुल 532 स्थलों के लिए व्यवस्था निर्धारित की गई है।

नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार तीन युवकों को दस साल की कैद, एक रिहा

न्यायाधीश पीएस मरकाम के न्यायालय से आया फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार तीन युवकों को न्यायालय ने 10-10 साल की कैद और एक-एक लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। राशि अदा नहीं करने पर आरोपियों को 3-3 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामले में एक आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए कोर्ट ने रिहा कर दिया। न्यायाधीश पीएस मरकाम के न्यायालय से यह फैसला आया।

प्रकरण के मुताबिक घटना 9 जनवरी 2026 को शाम साढ़े 7 बजे की है। मुखबिर की सूचना पर उतई पुलिस ने सेलूद धान मंडी के पास आरोपी सेलूद निवासी त्रिलोकी पिता देवनाथ यादव (27 वर्ष), इंदिरा नगर कुरुद निवासी चेमन पिता लक्ष्मी नारायण (20 वर्ष) और हकीम पिता हनीफ खान (24 वर्ष) को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने संजय नगर रायपुर निवासी मोहम्मद कैश पिता मोहम्मद अकरम को गिरफ्तार कर आरोपी बनाया गया था। प्रकरण में विचारण के दौरान त्रिलोकी के पास से 48 नग नशीली दवाएं पाई गई। इसी प्रकार चेमन और हकीम के पास से 364 नग नशीली दवा मिली। विचारण के बाद तीनों पर दोष सिद्ध पाया गया। वहीं मोहम्मद कैश को साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने दोषमुक्त कर दिया। चेमन, त्रिलोकी और हकीम को 10 साल कैद, 1-1 लाख रुपए अर्थदंड से दंडित किया। राशि अदा नहीं करने पर आरोपियों को तीन-तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामले में शासन की तरफ से पैरवी विशेष लोक अभियोजक सूरज शर्मा ने की।

नशे की हालत में मिले दो पुलिस कर्मी सस्पेंड

भिलाई। दुर्ग के एएसआई और आरक्षक शराब के नशे में बेसुध होकर जमीन पर पड़े होने का मामला सामने आने के बाद एसएसपी विजय अग्रवाल ने दोनों को सस्पेंड कर दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक एएसआई जीवन प्रकाश एक्का और आरक्षक ऋषिकांत त्रिपाठी है। दोनों बंदी को सेंट्रल जेल में शिफ्ट करने के बाद दोनों पुलिसकर्मी दुर्ग लौटने के लिए प्रतीक्षा बस स्टैंड पहुंचे। जहां सोमवार की सुबह बस स्टैंड के बाहर एक ठेले के पास नशे की हालत में पड़े हुए थे। सूचना पर अंबिकापुर पुलिस मौके पर पहुंची और राइफल को अपने कब्जे में लिया। इसके बाद मामले की जानकारी सरगुजा एसएसपी राजेश अग्रवाल ने दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल को दी। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने नशे में धुत पुलिसकर्मियों का वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में दोनों पुलिस कर्मी साफ दिखाई दे रहे है। 17 अक्टूबर को दुर्ग से एक बंदी को अंबिकापुर सेंट्रल जेल शिफ्ट करने जीवन प्रकाश एक्का और ऋषिकांत त्रिपाठी को दी गई थी। दोनों अपना काम पूरा करने के बाद दुर्ग लौटने के लिए निकले थे, लेकिन नशे की हालत में मिले। एएसपी शोभराज अग्रवाल ने बताया कि दोनों पुलिस कर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। दोनों को रक्षित केंद्र अटैच किया है। वहीं रक्षित निरीक्षक को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें 5 दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपनी होगी।









खबर संक्षेप



स्टेडियम में 60 फीट रावण के पुतले का दहन आज

दुर्ग। राष्ट्रीय पर्व उत्सव समिति द्वारा रविशंकर स्टेडियम रावणभाटा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 62 वां वर्ष दशहरा पर्व का आयोजन 20 अक्टूबर दिन मंगलवार को शाम 7 बजे से 60 फीट रावण का दहन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य भंडार गृह निगम के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अरुण वोरा होगे। कार्यक्रम में तम्बोली आर्टस आनंद तम्बोली, ध्वनि प्रसार महेश ठाकुर, लाईट व्यवस्था शर्मा लाईट श्री शर्मा, बैड पार्टी श्री केमे को सम्मानित भी किया जाएगा। उक्त जानकारी राष्ट्रीय पर्व उत्सव संचालक समिति के नंदू महोबिया ने दिया।

कार्मिक कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित



भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) में शिरोमणि पुरस्कार कार्यक्रम हुआ। उत्कृष्ट कार्य के निष्पादन के लिए सात कार्मिकों को किशोर सिंह (जेईए), संतोष वर्मा (जेई), श्री राजेश कुमार पंडितबसंत कुमार मांझी सौमेन चक्रवर्ती टाटीकोंडा श्रीकर (ईए) तथा हेमंत कुमार खुटेले को सम्मानित किया गया मुख्य महाप्रबंधक शिशिर शुक्ला ने कार्मिकों को उपहार, प्रशस्ति पत्र, मिठाई कूपन एवं उनके जीवनसाथियों को प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। महाप्रबंधकगण डी.एन. बेहरा, एस.के. ओसवाल, इलियास अहमद, रणबीर पाल, पंकज कुरील, अजय कुमार व बी.एन. मुखर्जी आदि अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक इतवारी राम चेलक ने किया तथा अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी बहोरन लाल साहू ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

ग्रामीण क्षेत्रों के 9568 श्रमिकों को मिला रोजगार, 48.76 करोड़ का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

गांवों में रोजगार के साथ विकास की रफ्तार भी तेज हो रही है। विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण यानी जी-राम-जी के तहत दुर्ग जिले में मजदूरों को काम देने के साथ गांवों में टिकाऊ परिसंपत्तियां तैयार करने पर जोर दिया जा रहा है। योजना के तहत अब तक 4,875.73 लाख रुपये यानी करीब 48.76 करोड़ रुपये की मजदूरी का भुगतान किया जा चुका है। जिले के दुर्ग, धमधा और पाटन जनपद पंचायतों में वर्तमान में कुल 9,568 श्रमिक कार्यरत हैं। इनमें धमधा में 4,365, दुर्ग में 3,346 और पाटन में 1,857 श्रमिक शामिल हैं। योजना के तहत पात्र ग्रामीण परिवारों को एक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों तक रोजगार की गारंटी देने का प्रावधान है। ग्रामीण ग्राम पंचायत के माध्यम से काम की मांग कर सकते हैं। मांग के 15 दिनों के भीतर रोजगार उपलब्ध कराने की व्यवस्था है।

एनएए से सीधे खातों में पहुंच रही मजदूरी

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि मजदूरी भुगतान को पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के लिए सिंगल नोडल अकाउंट के माध्यम से प्रत्यक्ष लाभ अंतरण द्वारा राशि श्रमिकों के बैंक अथवा डाकघर खातों में भेजी जा रही है। स्वीकृत कार्यों और भुगतान की लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि श्रमिकों को समय पर मजदूरी का लाभ मिल सके। जनपदवार भुगतान में पाटन में 1,782.01 लाख रुपये, दुर्ग में 1,602.23 लाख रुपये और धमधा में 1,400.40 लाख रुपये की मजदूरी का भुगतान किया गया है।

विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन के तहत उपलब्ध कराया जा रहा रोजगार



तालाब, डबरी से लेकर स्कूलों तक कराया जा रहा परिसंपत्तियों का निर्माण

योजना के तहत तालाब, डबरी और जल निकासी जैसे कार्यों से वर्षा जल संचयन, भूजल संवर्धन और कृषि गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, स्कूल, आंगनबाड़ी और शौचालय निर्माण से ग्रामीण अधोसंरचना मजबूत होगी। इन कार्यों से एक ओर ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा, वहीं दूसरी ओर गांवों में लंबे समय तक उपयोगी परिसंपत्तियां तैयार होंगी। कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में स्वीकृत कार्यों की नियमित समीक्षा और गुणवत्ता की निगरानी की जा रही है। जिला पंचायत का लक्ष्य रोजगार सृजन के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देना और ग्रामीणों को टिकाऊ परिसंपत्तियों का लाभ उपलब्ध कराना है।

भिलाई इस्पात मजदूर संघ ने मुख्य महाप्रबंधक से की चर्चा

बीएसपी में मेन पावर कम होने से कर्मचारियों की बढ़ी मुश्किलें, शुरू नहीं हुई मोटिवेशन स्कीम

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में कर्मचारियों के तेजी से रिटायर होने और भर्ती नहीं होने से कार्यरत कर्मियों पर काम का दबाव बढ़ रहा है। इसके अलावा कई तरह की समस्याओं से भी कर्मियों को दिक्कते हो रही हैं। इसे देखते हुए भिलाई इस्पात मजदूर संघ ने प्रबंधन से मेन पावर बढ़ाने सहित लंबित समस्याओं के जल्द निदान की मांग की है।

बीएमएस के प्रतिनिधिमंडल की मुख्य महाप्रबंधक ब्लास्ट फर्नेस विवेक वर्मा के साथ हुई बैठक में यूनियन ने कर्मचारियों को 1 साल में दो बार सेफ्टी शू देने ,ब्लास्ट फर्नेस 6 के सामने की कैंटीन को रिनोवेट कर मुख्य कैंटीन के रूप में सुविधाएं बढ़ाने, ब्लास्ट फर्नेस 7 मे 24 घंटे लिफ्ट ऑपरेटर की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही हाईलाइन एरिया में महिलाओं के लिए रेस्ट रूम बनाने, चार्जिंग एरिया में ठेका कंपनी के कर्मचारी एवं बीएसपी कर्मचारियों के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करने ,नान फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम शुरू करने एवं रेगुलर मैनपॉवर बढ़ाने की मांग की गई

बीएमएस के अध्यक्ष प्रदीप कुमार पाल ने कहा कि पहले बीएसपी कर्मचारियों को 1 वर्ष में दो बार अच्छी क्वालिटी का सेफ्टी शू दिया जाता था,लेकिन पिछले कुछ वर्षों में कॉस्ट कंट्रोल का बहाना कर एक साल में सिर्फ एक बार सेफ्टी शूज दिया जा रहा है । सेफ्टी अप्लायंसेज में कॉस्ट कंट्रोल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा कर्मचारियों को 1 वर्ष में दो बार सेफ्टी शू दिया जाए । साथ ही ब्लास्ट फर्नेस 1,2,3 बंद हो गया है अभी ब्लास्ट फर्नेस 4,6 एवं 7 चालू है 1 ज्यादातर कर्मचारी इसी एरिया में काम करते है जिन्हें नाश्ता एवं भोजन के लिए मुख्य बिल्डिंग की तरफ आना पड़ता है । मुख्य बिल्डिंग का कैंटीन सेकंड फ्लोर में होने के कारण कर्मचारी वहां जाने से कतराते है 1 इन सब समस्याओं को देखते हुए ब्लास्ट फर्न 6 के सामने की बिल्डिंग नंबर 8 की कैंटीन को रिनोवेट कर वहाँ मुख्य कैंटीन के रूप में सुविधाए उपलब्ध हो।

तेजी से रिटायर होने और भर्ती नहीं होने से परेशानी बढ़ी



स्टॉक हाउस एवं हाई लाइन एरिया में डस्ट

उपाध्यक्ष घनश्याम पांडेय ने ब्लास्ट फर्नेस 4 व6 के स्टाक हाउस एरिया एवं हाइलाइन एरिया में अत्यधिक डस्ट होने के स के कारण कर्मचारियों को हो रही परेशानी के साथ दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। अनिल राय ने ब्लास्ट फर्नेस 7 की लिफ्ट में तीनों शिफ्ट में ऑपरेटर उपलब्ध कराने की मांग की । उन्होंने ब्लास्ट फर्नेस स्टोव कोल ब्लास्ट एरिया में अत्यधिक आवाज होने के कारण वहां काम करने वाले कर्मचारियों को हो रही परेशानियों को मुद्दा उठाते हुए इस समस्या को दूर करने की मांग की । बैठक मेंअरविंद प्रताप सिंह सुधीर गडेवाल संयुक्त महामंत्री संजय साकुरे एस रवि अनिल गजभिए सचिव नाजीर हुसैन खान अनिल राय सुरेश साहू एवं भागचंद वर्मा उपस्थित थे।

श्रमिकों को मिले पूरा वेतन एवं दीपावली से पहले बोनस

बैठक में यूनियन नेताओं ने ब्लास्ट फर्नेस में काम करने वाले वाले ठेका श्रमिकों को दीपावली से पहले बोनस दिलाने एवं उन्हें पूरा वेतन मिलना सुनिश्चित करने की मांग की । बैठक में ठेका श्रमिकों को पेमेंट स्लिप दिए जाने की भी मांग की गई। यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष वंश बहादुर सिंह ने ब्लास्ट फर्नेस प्रबंधन द्वारा इस वर्ष सबसे पहले नान फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम की राशि को प्राप्त कर कर्मचारियों को गिफ्ट दिए जाने की सराहना की। उन्होंने कहा कि सेल प्रबंधन ने 10हजार करोड़ के प्रॉफिट का लक्ष्य रखा है यह लक्ष्य हम तभी हासिल कर सकते हैं जब कर्मचारियों का मनोबल ऊंचा रहेगा कर्मचारियों के मनोबल को ऊंचा बनाए रखने के लिए नान फाइनेंशियल स्कीम को लगातार जारी रखा जाए ।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से पुलिसिंग होगी बेहतर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सेक्टर 6 स्थित पुलिस कंट्रोल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग को लेकर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। आधुनिक तकनीक के माध्यम से शासकीय दस्तावेज तैयार, मीडिया सामग्री को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत, गोपनीयता की जानकारी के बारे में ट्रेनिंग दी गई। पुलिसकर्मियों को आधुनिक तकनीक से परिचित कराने तथा दैनिक कार्यालयीन कार्यों को सरल, समयबद्ध, प्रभावी बनाने के उद्देश्य से यह पहल की गई। पुलिस कंट्रोल रूम, सेक्टर 6, भिलाई में दुर्ग जिले के विभिन्न थानों एवं पुलिस कार्यालयों में पदस्थ रीडर्स को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के व्यावहारिक उपयोग का ट्रेनिंग दिया गया। एएसपी ग्रामीण ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विभिन्न उपयोगों की जानकारी देते हुए बताया कि इन तकनीकों का उचित उपयोग कार्यालयीन कार्यों को कम समय में व्यवस्थित ढंग से पूरा करने में सहायक हो सकता है। रेंज साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन के उप निरीक्षक ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की कार्यप्रणाली, प्रभावी उपयोग को उदाहरणों के माध्यम से समझाया।

- पुलिसकर्मियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने का पहल

उन्होंने बताया कि स्पष्ट सटीक निर्देश देकर आधारित उपकरणों की सहायता से शासकीय पत्र, प्रतिवेदन, बैठक की कार्रवाई अन्य का य ि ल यी न दस्तावेजों के प्रारूप तैयार किए जा सकते हैं। इसके अलावा लंबे आदेशों एवं दस्तावेजों का सारांश तैयार करने में भी इसका उपयोग किया जा सकता है। प्रशिक्षण में मीडिया एवं सोशल मीडिया के लिए फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, वीडियो बाइट रिकॉर्ड करने, सामग्री प्रकाशित करने से पहले तथ्यों, कैप्शन, विवरण की जांच करने को लेकर जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को समझाया गया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बेहतर परिणाम मिल सकते है। इस दौरान एएसपी ग्रामीण मणीशंकर चंद्रा समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

पोटियाकला में रावण दहन कल

दुर्ग। पोटियाकला वार्ड नं.-54 दुर्ग में गोविन्द नवयुवक समिति पोटियाकला एवं समस्त वार्डवासियों के सहयोग से दशहरा महोत्सव 60 वां वर्ष का भव्य पारम्परिक आयोजन 21 अक्टूबर बुधवार को दशहरा मैदान में किया जा रहा है। जिसमें समिति के दिनेश रितिक प्रमुख द्वारा रामलीला की प्रस्तुति देते हुए अंगद-रावण संवाद, राम-रावण संग्राम एवं रावण पुतला दहन के साथ आकर्षक आतिशबाजी का प्रदर्शन किया जावेगा। मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरूण साव होंगे। शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव, महापौर अलका बाघमार आदि मौजूद रहेंगे।

संस्कृत के संरक्षण, संवर्धन और विस्तार के लिए आर्थिक सहयोग बढ़ाने हो प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

प्राच्य संस्कृत विद्यालय संघ छत्तीसगढ़ ने प्रदेश में संस्कृत भाषा, संस्कृत शिक्षा और भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए राज्य सरकार से पर्याप्त आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराने की मांग की है। संघ ने सं स्कृ त विद्यालयों की शै क्ष णि क व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, शिक्षकों को सम्मानजनक आर्थिक सहयोग देने, महाविद्यालयों में संस्कृत विषय प्रारंभ करने तथा संस्कृत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए 10 सूत्रीय सुझाव प्रस्तुत किए हैं।

- प्राच्य संस्कृत विद्यालय संघ छग ने सरकार के समक्ष रखीं 10 सूत्रीय मांगें

संघ ने कहा कि संस्कृत भाषा भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा, संस्कृति और साहित्य की महत्वपूर्ण धरोहर है। वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत और पुराणों सहित ज्ञान, विज्ञान, साहित्य एवं कला से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण ग्रंथों की रचना संस्कृत में हुई है। भारतीय संस्कृति की मूल भावना और प्राचीन जीवन



मूल्यों को समझने में संस्कृत की महत्वपूर्ण भूमिका है। देश की एकता और अखंडता को सुदृढ़ करने में भी यह भाषा महत्वपूर्ण योगदान देती है। संघ ने शिक्षकों को आर्थिक सहयोग गैर-अनुदान प्राप्त संस्कृत विद्यालयों में अध्यापन करने वाले शिक्षकों को सम्मानजनक आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराने, संस्कृत पाठशालाओं को स्थानीय परिस्थितियों और आवश्यकताओं के अनुरूप गुरुकुल के रूप में विकसित करने, प्रचार-प्रसार के लिए प्रभावी और व्यापक व्यवस्था करने महाविद्यालयों में संस्कृत विषयःराज्य के महाविद्यालयों में संस्कृत विषय प्रारंभ करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने सहित अन्य मांगें की।

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन की तैयारियों को लेकर आयुक्त ने अधिकारियों-कर्मचारियों की लगाई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा विसर्जन व्यवस्था को सुचारू संपन्न कराने के लिए आयुक्त लीना कोसम ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। इसके तहत वार्ड 55 पुलगांव स्थित शिवनाथ नदी के गुरुद्वारा के पास निर्धारित प्रतिमा विसर्जन स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

- अस्थायी कुंड एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की सौंपी जिम्मेदारी

आयुक्त द्वारा जारी आदेश के अनुसार, उप अभियंता करण यादव, सहायक राजस्व निरीक्षक नरेंद्र मनहरे, शिवा यादव एवं गोपाल सूर्या को विसर्जन स्थल तक पहुंच मार्ग, समतलीकरण, अस्थायी कुंड निर्माण तथा आवश्यकतानुसार शामियाना, कुर्सी एवं टेबल की व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



इसी प्रकार सफाई दरोगा मनोहर शेंद्रे एवं रामलाल भट्ट को विसर्जन स्थल पर साफ-सफाई, चूना मार्किंग तथा आवश्यकता के अनुसार डस्टबिन, सुपरवाइजर एवं सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने की जिम्मेदारी दी गई है।

सहायक अभियंता संजय ठाकुर एवं उप अभियंता मोहित मरकाम को विसर्जन स्थल पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, साउंड सिस्टम एवं माइक की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, कार्यशाला अधीक्षक शौएब अहमद को प्रतिमा विसर्जन के लिए क्रेन की व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया है।

जारी आदेश के अनुसार, संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी 19 से 21 अक्टूबर तक निर्धारित विसर्जन स्थल पर लगाई गई है।

बता दें कि वार्ड 55 पुलगांव स्थित शिवनाथ नदी के गुरुद्वारा के पास निर्धारित प्रतिमा विसर्जन स्थल पर अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी 3 पालियों में सुबह 6 से 2 बजे तक, 2 से 10 बजे रात 10 से सुबह 6 बजे तक लगाई गई है। सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी नोडल अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करेंगे। निगम प्रशासन द्वारा विसर्जन स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

महापौर ने कन्या पूजन के साथ कराया भोज, लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

शारदीय नवरात्रि की महाअष्टमी के पावन अवसर पर नगर पालिक निगम, दुर्ग परिसर स्थित मां दुर्गा मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना, हवन, कन्या पूजन, कन्या भोज एवं महाभंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने मां दुर्गा के स्वरूप कन्याओं की आरती उतारकर विधिवत पूजन किया तथा उन्हें स्नेहपूर्वक भोजन परोसकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कर धार्मिक आयोजन में सहभागिता निभाई।



कार्यक्रम की शुरुआत विशेष पूजा-अर्चना एवं हवन के साथ हुई। महापौर सहित जनप्रतिनिधियों एवं निगम के अधिकारी-कर्मचारियों ने हवन में आहुति अर्पित कर शहरवासियों के सुख, शांति, खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। महापौर अलका बाघमार ने महाअष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नवरात्रि का पर्व शक्ति, श्रद्धा, भक्ति और सेवा का प्रतीक है। उन्होंने माता रानी से शहरवासियों के जीवन में सुख, शांति, स्वास्थ्य एवं समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य लीना दिनेश देवांगन, नीलेश अग्रवाल, शशि साहू, हर्षिका संभव जैन, रंजीता पाटिल, युवराज कुंजम, मनोज सोनी, जितेंद्र ताम्रकर, दुर्गेश गुप्ता, लता यादव, हेमलता वर्मा, साक्षी चौहान, रानी साहू, दामिनी भुवाल सहित निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कैंपस मध्यस्थता प्रतियोगिता में 100 से अधिक युवाओं ने लिया हिस्सा

संवाद, सहमति और न्याय तक पहुंच के महत्व पर दिया गया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

विवादों का समाधान हमेशा टकराव से नहीं, बल्कि संवाद, आपसी समझ और सहमति से भी संभव है। इसी विचार को युवा पीढ़ी तक पहुँचाने तथा मध्यस्थता को व्यावहारिक रूप से समझने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से मध्यस्थता 3.0 के अंतर्गत कैंपस मध्यस्थता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस पहल ने विद्यार्थियों को यह समझने का अवसर दिया कि मध्यस्थता किस प्रकार विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान का प्रभावी माध्यम बन सकती है।

- विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

प्रतियोगिता में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया, जो युवाओं के बीच मध्यस्थता एवं वैकल्पिक विवाद समाधान के प्रति बढ़ती रुचि को दर्शाता है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के. विनोद कुजूर के मार्गदर्शन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय, दुर्ग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग द्वारा हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग एवं शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय (साइंस कॉलेज), दुर्ग के मनोविज्ञान विभाग के सहयोग से विद्यार्थियों के लिए मध्यस्थता 3.0 कैंपस मध्यस्थता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को मध्यस्थता की प्रक्रिया से परिचित कराना तथा विवादों के समाधान में संवाद, आपसी समझ और स्वैच्छिक सहमति के महत्व को रेखांकित करना था। कार्यक्रम में के. विनोद कुजूर, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग; प्रो. डॉ. संजय तिवारी, कुलपति, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, डॉ. अजय सिंह, प्राचार्य; डॉ. अनिल कुमार पांडेय, कुलसचिव; तथा अनीश दुबे, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, सुषमा लकड़ा, अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत, भूपेश कुमार बसंत, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, उमेश कुमार भागवतकर, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग, कामिनी जायसवाल, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, ऐश्वर्या दीवान, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी उपस्थित थे।



तारीख पर तारीख से सहमति आधारित न्याय तक

जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अनीश दुबे ने अपने संबोधन की शुरुआत फिल्मी संवाद तारीख पर तारीख से करते हुए न्यायिक प्रक्रिया में होने वाले विलंब की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने न्यायालयों में लंबित मामलों की बड़ी संख्या और सीमित न्यायिक संसाधनों के कारण उत्पन्न चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय लोक अदालतें लंबित मामलों के निपटारे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं तथा मध्यस्थता 3.0 भी विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। कार्यक्रम में मध्यस्थता की प्रक्रिया में मनोविज्ञान की भूमिका को भी प्रमुखता से रेखांकित किया गया। मानवीय व्यवहार, भावनाओं, संवाद और पारस्परिक संबंधों की समझ विवादों के मूल कारणों को पहचानने तथा रचनात्मक बातचीत को आगे बढ़ाने में सहायक होती है।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों का उत्साहपूर्ण प्रदर्शन

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने समूह एवं व्यक्तिगत स्पर्धाओं के माध्यम से संवाद, बातचीत और सहमति निर्माण से संबंधित अपनी क्षमताओं का शानदार प्रदर्शन किया। समूह प्रतियोगिता प्रथम पुरस्कार ग्रुप 8 यामिनी बघेल, नीता साहू, आदित्य कु. चंद्रपक्षी एवं मृणाल डप। द्वितीय पुरस्कार ग्रुप 5 कंचना कोषा, करुणा जैन, संध्या ठाकुर एवं अंजलि वर्मा। तृतीय पुरस्कार ग्रुप 2 श्रेया साहू, गरिमा साहू, ओमकुमारी एवं ध्यसंत साहू। स्नातक स्तर की व्यक्तिगत प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मृणाल डप, द्वितीय पुरस्कार तोशी एवं तृतीय पुरस्कार श्लोक। स्नातकोत्तर स्तर की व्यक्तिगत प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार आशा, द्वितीय पुरस्कार अंजलि एवं तृतीय पुरस्कार नीतू शामिल है।

सहायक प्रोग्रामर और लेखापाल के पदों पर भर्ती के लिए आवेदन 30 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला पंचायत दुर्ग के अंतर्गत संचालित विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) योजना के तहत जनपद पंचायत स्तर हेतु सहायक प्रोगामर के 02 पद एवं लेखापाल के 02 पद हेतु विज्ञापन 14 अक्टूबर के द्वारा समाचार पत्रों के माध्यम से एवं जिला दुर्ग के वेबसाइट www.durg.gov.in के माध्यम से विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। विज्ञापन हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

आवेदन स्पीड पोस्ट एवं रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से कार्यालय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दुर्ग में प्राप्त किया जाना है। पात्र-अपात्र की सूची स्कूटनी उपरांत विहित समयावधि में जारी की जाएगी। उसके उपरांत निर्धारित समयावधि में दावा आपत्ति हेतु प्रेस विज्ञप्ति पुनः जारी किया जाएगा। संपूर्ण भर्ती प्रकिया शासन के दिशा-निर्देश के आधार पर की जा रही है। इस विज्ञापन के भर्ती के संबंध में अपील है कि व्यर्थ प्रलोभन में न आयें। कोई भी आर्थिक लेन-देन न करें। इस संबंध में होने वाले किसी भी क्षति या धोखाधड़ी के संबंध में संपूर्ण जवाबदेही संबंधित की होगी एवं उक्त के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत आवेदक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दुर्ग कार्यालय, जिला पंचायत दुर्ग में या जिला पंचायत दुर्ग के मेल आई-डी vbgramg.durg<\@>gmail.com पर की जा सकती है।

अंचल में जगह-जगह स्थापित की गई मां दुर्गा की प्रतिमा



कुम्हारी। जय मां दुर्गोत्सव समिति महामाया पारा कुम्हारी।



उतई। जय माँ अंबे सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति आरटीसी उतई।



उतई। जय माँ कालिका ट्रस्ट हथखोज पारा उतई।



उतई। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति बाजार चौक उतई।



उतई। नवजागरण मित्र मंडल दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड डूमरडीह उतई।



उतई। ओम साई नवदुर्गा उत्सव समिति वार्ड क्रमांक 04 सांई कॉलोनी उतई।



उतई। जय बजरंग ट्रस्ट वार्ड क्रमांक 12 गांधी चौक उतई।

सांकरा में रावण दहन आज

सेलूद। ग्राम सांकरा में विजयादशमी के पावन अवसर पर



20 अक्टूबर को शाम 6 बजे दशहरा मैदान में भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर आकर्षक आतिशबाजी और रामलीला के साथ दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम में युवा सरपंच रवि सिंगौर द्वारा हनुमान पाठ किए जाने की भी जानकारी दी गई है। धार्मिक आस्था और बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक इस पर्व को लेकर तैयारियां की जा रही हैं।

भिलाई-3 में रावण दहन आज

भिलाई। मिनी स्टेडियम भिलाई-तीन में राम लीला का मंचन होगा। इतिहास में पहली बार आकर्षक झांकियां नजर आएंगी। असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा रावण दहण दिन मंगलवार 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इसके लिए भिलाई-3 मिनी स्टेडियम में व्यापक तैयारी की जा चुकी है। भिलाई-3 में पहली बार काले पर्दे पर चित्रण ध्वनि प्रकाश का अद्भुद संगम द्वारा छालीवुड के 100 कलाकार द्वारा राम लीला का आयोजन किया जायेगा।आइडियल क्रिएशन वेलफेयर सोसाईटी रंगीनलाइट के द्वारा लीला में हनुमान लीला, सीता हरण, रावण वध दिखाया जाएगा। इस वर्ष सार्वजानिक विजयादशमी उत्सव समिति का यह 72 वां वर्ष है। यह राम लीला लगातार 3 घंटे तक चलेगा मर्यादा पुरुषोत्तम राम का चित्रण दिखाया जाएगा। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल, विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के अध्यक्ष शशिकांत बघेल, विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, दिलीप पटेल, नीलकमल बघेल, संरक्षक सुशील शर्मा, फिरोज फारुकी, रामखिलावन वर्मा, जशवंत वर्मा, अश्वनी पटेल, डॉ. जीएस चंद्राकर, अध्यक दीपक देवांगन, कार्यारिणी अध्यक्ष मनीष वर्मा, कोषाध्यक गौरी शंकर वर्मा, हरी लाल सोनी, नरोत्तम कुमार, विकास अग्रवाल, राम कुमार साहू, शिव कुमार पटेल सहित अन्य मौजूद रहेंगे।

नेवई भाठा में दशहरा उत्सव 21 को

भिलाई। सार्वजनिक दुर्गा एवं दशहरा उत्सव समिति लोक नगर, नेवई भाठा उमरपोटी में 21 अक्टूबर, बुधवार को विजयादशमी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 5 बजे रामलीला से होगी। शाम 6 बजे अतिथियों का मंच पर आगमन और 6.10 बजे भगवान श्रीराम की पूजा होगी। मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर और पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू का स्वागत एवं उद्बोधन होगा। शाम 6.30 बजे राम-रावण युद्ध, 7.15 बजे रावण वध और आतिशबाजी होगी। रात 9 बजे लोक रागिनी रिखी क्षत्रिय की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहेगी।

कुथरेल में कल मनेगा दशहरा

अंडा। दुर्ग जिले के ग्राम कुथरेल में सार्वजनिक दुर्गोत्सव एवं दशहरा पर्व समिति के तत्वावधान में 44वां भव्य दशहरा उत्सव 21 अक्टूबर को मनाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 7 बजे भगवान श्रीराम दरबार की शोभायात्रा और रामलीला मंचन से होगी। रात्रि 9 बजे ओडिशा के कटक से आए विशेष कलाकारों द्वारा आकर्षक आतिशबाजी की जाएगी, जिसके उपरांत रावण दहन संपन्न होगा। रात 10 बजे अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया जाएगा, और रात्रि 11 बजे बालोद जिले के चितौद का प्रसिद्ध सांस्कृतिक कार्यक्रम 'सोनहा बादर' प्रस्तुत होगा।

रक्तदान और निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



पाटन। पाटन नगर के प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक नया बस स्टैंड (गौठान) परिसर में नवहिंद दुर्गोत्सव समिति के तत्वावधान में एक विशाल रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर के उत्साही युवाओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया और भविष्य में जरूरत पड़ने पर जरूरतमंदों की मदद करने का संकल्प लेते हुए 'रक्तमित्र' बने। इसके साथ ही, बस स्टैंड स्थित श्री राम लखन हॉस्पिटल के संचालनकर्ताओं के सहयोग से आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं और बुजुर्गों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। इस दौरान लोगों ने ब्लड प्रेशर (रक्तचाप) और शुगर जैसी स्वास्थ्य संबंधी जांचों का लाभ उठाया और चिकित्सकों से परामर्श लिया।

सिंचाई और जलापूर्ति के लिए महत्वपूर्ण नहरों में फेंका जा रहा कूड़ा-कचरा

पाटन में नहरों की बदहाली, जल संरक्षण के दावों के बीच कचरे और गंदगी से पटे जलस्रोत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन

जल ही जीवन है, लेकिन जब जलस्रोतों में कूड़ा-कचरा जमा होने लगे, नहरों के किनारे गंदगी और खरपतवार फैल जाए तथा सफाई व्यवस्था नदारद रहे, तो जल संरक्षण के दावों पर सवाल उठना स्वाभाविक है। पाटन नगर पंचायत क्षेत्र से सामने आई नहरों की तस्वीरें कुछ ऐसी ही चिंताजनक स्थिति की ओर इशारा करती हैं।

■ पानी की गुणवत्ता और प्रशासनिक जवाबदेही

जलस्रोतों में फैली गंदगी यह सोचने पर मजबूर करती है कि इनकी देखरेख की जिम्मेदारी किसकी है और नियमित सफाई क्यों नहीं कराई जाती? जलापूर्ति करना प्रशासनिक व्यवस्था का अहम हिस्सा है, लेकिन पानी की उपलब्धता के साथ उसकी स्वच्छता और गुणवत्ता पर ध्यान देना भी उतना ही जरूरी है। जब जलस्रोतों में घरेलू कचरा और अपशिष्ट पहुंचेंगे, तो पानी की शुद्धता प्रभावित होना तय है। ऐसे में सवाल उठता है कि पाटन क्षेत्र की इन नहरों के पानी का उपयोग किस उद्देश्य से हो रहा है और क्या इसकी गुणवत्ता की नियमित जांच की जाती है? हालांकि, केवल तस्वीरों के आधार पर पानी को अनुपयुक्त नहीं कहा जा सकता, जिसके लिए आधिकारिक जल परीक्षण आवश्यक है।

सफाई व्यवस्था पर उठ रहे गंभीर सवाल



प्रशासन के साथ नागरिकों की भी है जिम्मेदारी

केवल प्रशासन पर उंगली उठाना उचित नहीं है। यदि नागरिक अपने घरों का कचरा, प्लास्टिक और खाद्य अपशिष्ट नहरों में फेंकेंगे, तो जलप्रवाह बाधित होगा और पर्यावरण पर बुरा असर पड़ेगा। नगर पंचायत को जहां एक ओर पर्याप्त कूड़ेदान, नियमित कचरा उठाव और सख्त निगरानी की व्यवस्था करनी चाहिए, वहीं नागरिकों को भी यह समझना होगा कि नहरें कचरा फेंकने का स्थान नहीं हैं। स्वच्छ भारत का सपना तभी साकार होगा, जब प्रशासनिक सक्रियता के साथ जनभागीदारी भी सुनिश्चित हो।

छत्तीसगढ़ आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के आंकड़े क्या कहते हैं?

छत्तीसगढ़ आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के कृषि विवरण के अनुसार, राज्य में सभी सिंचाई स्रोतों से लगभग 35 प्रतिशत क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध है। इसमें से लगभग 52 प्रतिशत हिस्सा जलाशयों और नहरों के माध्यम से तथा 29 प्रतिशत हिस्सा नलकूपों के माध्यम से सिंचित होता है। ये राज्यस्तरीय आंकड़े हैं, जो यह बताते हैं कि जब कृषि और आजीविका का बड़ा हिस्सा जल संसाधनों पर निर्भर है, तो उपलब्ध पानी को स्वच्छ रखना केवल सरकारी दायित्व नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी भी है।

अंचल की खबरें

स्कूलों में नहीं पहुंचीं नई किताबें, पालकों में असंतोष

जामगांव आर। स्कूलों में त्रैमासिक परीक्षाएं संपन्न हो चुकी हैं और शनिवार से दशहरा अवकाश की घोषणा भी हो गई है, किंतु इस सत्र की बदली हुई नवीन पुस्तकें (विशेष रूप से कक्षा चौथी और सातवीं की) विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप स्कूलों में नहीं पहुंच पाई हैं। आलम यह है कि आज पर्यंत अनेक बच्चों के हाथों में किताबें तक नहीं हैं। विडंबना यह है कि समय पर पुस्तकें उपलब्ध कराने में नाकाम व्यवस्था के बावजूद गुणवत्ता के नाम पर नित-नई योजनाएं गिनाई जा रही हैं। यदि समय रहते प्रशासन अपनी जिम्मेदारी निभाता, तो सभी बच्चों के पास किताबें होतीं और मूल्यांकन की प्रक्रिया अधिक सार्थक होती। शासन-प्रशासन के इस अदूरदर्शी रवैये से पालकों में गहरी नाराजगी है।

फोटो कॉपी बनी मजबूरी का सहारा : किताबें न मिलने के कारण फोटोकॉपी कराकर पढ़ाई करने की मजबूरी ने शिक्षकों और विद्यार्थियों दोनों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। जो छात्र पहले से ही पढ़ाई में कमजोर हैं, उनके लिए यह स्थिति 'कोढ़ में खाज' जैसी साबित हो रही है। पालक और विद्यार्थी लगातार पुस्तकों की मांग कर रहे हैं, जिससे शिक्षक खासे परेशान हैं।

दीपावली से पहले पुस्तकों के मिलने की उम्मीद : पाटन बीआरसी गुणेश्वर वर्मा ने जिला शिक्षा कार्यालय दुर्ग में गुरुवार को हुई बैठक का हवाला देते हुए बताया कि समायोजन प्रक्रिया के तहत सभी स्कूलों की आवश्यकता का आकलन कर दीपावली अवकाश से पहले विद्यार्थियों को पुस्तकें उपलब्ध करा दी जाएंगी।

बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा पर दिया जोर



अंडा। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर सनराइज पब्लिक स्कूल, अंडा में मां जगदम्बा की पूजा-आरती के साथ पालक-शिक्षक बैठक (पेरेंट्स मीटिंग) का शुभारंभ हुआ। विद्यालय परिसर में विधि-विधान से मां दुर्गा की आराधना कर विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की गई। इसके पश्चात आयोजित बैठक में बड़ी संख्या में अभिभावक शामिल हुए। बैठक में बच्चों के शैक्षणिक स्तर, अनुशासन तथा सर्वांगीण विकास पर गहन चर्चा की गई। शाला विकास समिति के अध्यक्ष राजेंद्र साहू ने अपने संबोधन में बच्चों को मोबाइल की लत से दूर रखने, संस्कारवान बनाने तथा दैनिक दिनचर्या में खेलकूद व पारंपरिक खेलों को शामिल करने का परामर्श दिया। विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र साहू ने भी पालकों से बच्चों के आचरण व संस्कारयुक्त शिक्षा पर ध्यान देने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने उपस्थित सभी अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

आधुनिक युग में व्यावहारिक ज्ञान आवश्यक : बोरा



कुम्हारी। छत्तीसगढ़ शासन के प्रमुख सचिव (नगरीय प्रशासन एवं विकास, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा दुर्ग जिला प्रभारी सचिव) सोनमणि बोरा ने पीएम श्री सेजेस कुम्हारी में रोबोटिक्स एवं विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात उन्होंने लैब का निरीक्षण कर प्रायोगिक गतिविधियों व तकनीकों की जानकारी ली। कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन विभाग के अतिरिक्त संचालक पुलक भट्टाचार्य, एडीएम वीरेंद्र सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी जगदीश सिंह धीर, प्राचार्य डॉ. विजया श्रीवास्तव, आईडीबीआई बैंक के जोनल मैनेजर सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। रोबोटिक्स लैब की स्थापना से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक, विज्ञान और नवाचार से जुड़ने का अवसर मिलेगा। इसके माध्यम से छात्र-छात्राएं वैज्ञानिक अवधारणाओं को प्रयोगात्मक रूप से सीख सकेंगे, जिससे उनमें तार्किक सोच, रचनात्मकता, समस्या समाधान और तकनीकी कौशल का विकास होगा। अपने संबोधन में प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान दौर में किताबी ज्ञान के साथ-साथ प्रयोगात्मक व तकनीकी ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। प्राचार्य डॉ. विजया श्रीवास्तव ने बताया कि यह लैब विद्यालय के शैक्षणिक विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने परिसर में पौधरोपण भी किया।

बिजनेस साइट

ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट उपलब्ध



दुर्ग। दुर्ग के इंदिरा मार्केट स्थित शॉप नंबर 64 b प्रिया सिंगर सदन के सामने ओम ज्वैलर्स की अनगिनत डिजाइन लोगों को खूब आकर्षित कर रही हैं। संचालक श्री सोनी ने बताया कि उनहोंने अपने यहां मासिक ई योजना चालू की है। इसमें 1000 से लेकर आपके बजट तक हर महीना का किस्त जमा कर सकते हैं। 12 महीने की रेगुलर किस्त जमा होने पर आपको एक महीने की किस्त ज्वेलर्स के द्वारा दी जाती है। सोनी ने बताया कि उनके यहां घर पहुंच सेवा भी उपलब्ध है। ग्राहक अपनी पसंद की डिजाइन को खरीद कर पेमेंट घर से भी दे सकता है। इसके अलावा टोटल ऑनलाइन, चेक, एटीएम, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट किया जाता है। पुराने गहने को बिना वजन घटे नया बनाने का काम भी ओम ज्वेलर्स करता है। ज्वेलरी रिपेयरिंग की तत्काल सुविधा उपलब्ध है। आगे दिवाली, त्यौहार सीजन को देखते हुए नई-नई डिजाइनों की विस्तार रेंज उपलब्ध है। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि हमारे यहां टोटल 916 (22 कैरेट)833 (20कैरेट)एवं 750(18कैरेट) के हॉलमार्क गहने उपलब्ध हैं। उन्हें यहां पूरे शहर से कम दाम पर ज्वेलरी उपलब्ध है। 0% चांदी की मेकिंग चार्ज एवं सोने पर जितना सोना उतना चांदी फ्री एवं न्यूनतम मजदूरी दर के साथ ग्राहकों को उपलब्ध है। शादी के गहने की खरीदी पर दूल्हा एवं दुल्हन को स्पेशल टूरिस्ट बैग, इंपॉर्टेंट वॉच, जितना सोना उतनी चांदी फ्री दी जाती है।

सिद्धि ऑटो में ई-रिक्शा की बढ़ी मांग, करना पड़ रहा इंतजार



दुर्ग। शहर के राजेंद्र पार्क, स्टेशन रोड स्थित सिद्धि ऑटो में इन दिनों, ई-रिक्शा की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। ग्राहकों के बीच ई-रिक्शा की बढ़ती लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब ग्राहकों को वाहन खरीदने के लिए वेटिंग करनी पड़ रही है। सिद्धि ऑटो के संचालक चंद्राकर ने चर्चा के दौरान बताया कि प्रतिष्ठान में ई-रिक्शा की मांग में लगातार वृद्धि हो रही है। ग्राहकों की बढ़ती संख्या के चलते वाहनों की उपलब्धता के लिए उन्हें इंतजार करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि ई-रिक्शा आज के समय में रोजगार और स्वरोजगार का एक बेहतर माध्यम बनकर उभरा है। कम खर्च में यात्री परिवहन और सामान ढुलाई जैसे कार्यों के लिए ई-रिक्शा लोगों की पसंद बन रहे हैं। इसी वजह से शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से भी ग्राहक सिद्धि ऑटो पहुंच रहे हैं।

नवरात्रि-दीपावली पर आकर्षक ऑफर : त्योहारी सीजन को देखते हुए सिद्धि ऑटो द्वारा ग्राहकों के लिए नवरात्रि एवं दीपावली धमाका ऑफर भी प्रस्तुत किया गया है। इस ऑफर के अंतर्गत ग्राहकों को आकर्षक छूट के साथ कई शानदार उपहार जीतने का अवसर मिल रहा है। प्रतिष्ठान में ई-रिक्शा की खरीद पर 10 हजार रुपये तक कैशबैक की सुविधा, फाइनेंस की सुविधा, 12.5 प्रतिशत ब्याज दर तथा तीन माह तक मुफ्त सर्विसिंग जैसे लाभ दिए जा रहे हैं। इसके अलावा ग्राहकों के लिए गिफ्ट हैम्पर, ड्राई फ्रूट पैक, इलेक्ट्रिक केटल, स्टील डिनर सेट, ट्रैवल बैग, ब्लूटूथ स्पीकर, प्रीमियम छाता, बेडशीट और मिनी टूल किट जैसे आकर्षक उपहार भी रखे गए हैं। वहीं, ग्राहकों को लकी ड्रॉ के माध्यम से एलईडी टीवी और चांदी का सिक्का सहित अन्य उपहार जीतने का अवसर भी दिया जा रहा है। शहर मे यात्री परिवहन के साथ-साथ माल ढुलाई के लिए भी ई-रिक्शा की मांग बढ़ रही है। संचालक चंद्राकर जी ने बताया कि ग्राहकों को बेहतर वाहन विकल्प, फाइनेंस सुविधा और बिक्री के बाद सर्विसिंग उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने ग्राहकों से अपील की कि नवरात्रि और दीपावली के इस विशेष अवसर पर सिद्धि ऑटो पहुंचकर आकर्षक ऑफर का लाभ उठाएं।

रिसाली, मरोदा और भिलाई के दुर्गा पंडालों में पहुंचे विधायक चंद्राकर



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

रिसाली-भिलाई-शारदीय नवरात्रि के महाष्टमी पर्व पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने रिसाली, मरोदा और भिलाई क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा पंडालों में पहुंचकर माँ जगत जननी माँ दुर्गा की विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। चंद्राकर ने कहा कि महाष्टमी का दिन माँ की शक्ति का प्रतीक है।

उन्होंने लक्ष्मी नगर, इस्पात नगर, प्रगति नगर शिव मंदिर के पास, जय माँ तारा खेल एवं सांस्कृतिक मंच प्रगति नगर, नबरुण कल्याण समिति बंगाली दुर्गा प्रगति नगर, रूआबांधा सेक्टर और वार्ड-6 बंगाली दुर्गा पंडाल में विराजमान माता रानी के दर्शन किये। इसके पश्चात मरोदा क्षेत्र अंतर्गत नेवई भाठा, सरस्वती नगर, शिव नगर एवं माँ नारायणी शीतला मंदिर समिति द्वारा आयोजित दुर्गा पंडालों में पहुंचकर पू जा - अ च ना की।भिलाई में उन्होंने नव युवक दुर्गा उत्सव समिति पुराना टावर धरह सेक्टर-1, सेक्टर-7 दुर्गा पंडाल एवं सिविक सेंटर भिलाई दुर्गा पंडाल पहुंचकर माता रानी का आशीर्वाद लिया। गरबा-डांडिया उत्सव का लिया आनंद सभी पंडालों में आयोजित भव्य गरबा, डांडिया नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विधायक ने आनंद लिया।

■ साधना और आराधना का महापर्व है नवरात्रि

धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस में शामिल हुए बौद्ध अनुयायी

पंचशील बुद्ध विहार में गूंजे समता और करुणा के संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुम्हारी

धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस के अवसर पर भारतीय बौद्ध महासभा, कुम्हारी द्वारा पंचशील बुद्ध विहार में विभिन्न भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा की अध्यक्ष प्रेमलता डोंगरे ने की, जिसमें बौद्ध समाज के लोगों और बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के अनुयायियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह पंचशील ध्वज फहराने के साथ हुआ। इसके पश्चात सामूहिक पूजा-वंदना संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में उपस्थित उपासक-उपासिकाओं ने सहभागिता की। मुख्य अतिथि एवं रायपुर के सामाजिक कार्यकर्ता सुनील गणवीर ने पंचशील ध्वज फहराकर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया। उन्होंने धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भगवान बुद्ध के धम्म और पंचशील के सिद्धांतों को जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता बताई। अध्यक्षता कर रही प्रेमलता डोंगरे ने कहा कि धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस सामाजिक परिवर्तन, समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और मानवीय गरिमा के संकल्प का प्रतीक है। इस अवसर पर सुरेश वाहने और नलिनी पारेकर सहित अन्य वक्ताओं ने भी सभा को संबोधित किया।



वक्ताओं ने समाज में जागरूकता, शिक्षा, एकता और भाईचारे को मजबूत करने पर जोर दिया। शाम को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मनमोहक गीत और नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिनके माध्यम से धम्म और सामाजिक चेतना का संदेश प्रसारित किया गया। पूरे कार्यक्रम का संचालन संरक्षक किशन बोरकर ने किया। रात्रि में आयोजित मैत्री भोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसमें सभी अतिथि और उपासक शामिल हुए।

हरिभूमि

रायपुर, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129



लाइव इवेंट

मां शारदा माता की निकली शोभायात्रा



भिलाई। मां शारदा माता की शोभायात्रा महात्मा गांधी नगर केम्प-2 से निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान माता की झांकी बड़े हनुमान, शिव तांडव नृत्य आदि की झांकी जय हिन्द धूमाल पार्टी द्वारा प्रस्तुति दी गई। शोभायात्रा जीई रोड जलेबी चौक, लिक रोड जवाहर मार्केट से होते हुए सेक्टर-1 मां शारदा मंदिर पहुंची। जिसके बाद महाभंडारे का आयोजन किया गया। समिति के सदस्य देवीदयाल गुप्ता, राजेश गुप्ता, जगेश्वर कुर्रे, राहुल गौर, पवन गुप्ता, रमेश चंद गुप्ता, मिठाई लाल कुर्रे, त्रिलोचन सिंह, सुरेश गौर, कमलेश गोरेले, विनोद चेलक, रिषभ गुप्ता शामिल हुए।



भिलाई। हर-हर गंगे दुर्गोत्सव पूजा सेवा समिति।



भिलाई। आदि सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति सेक्टर-1 भिलाई।



भिलाई। पाषण युग झांकी दर्शन सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति सेक्टर-7।

सिटी इवेंट

धर्मपुरा में कवि सम्मेलन, कवियों ने हास्य-व्यंग्य से बांधा समां



दुर्ग। धमधा तहसील के ग्राम धर्मपुरा में साहूपारा धर्मपुरा दुर्गोत्सव समिति द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। तीन घंटे तक चले इस आयोजन में कवियों ने हास्य-व्यंग्य, ददरिया और शायरी के माध्यम से श्रोताओं को खूब आनंदित किया। कविताओं के जरिए सामाजिक कुरीतियों, सरकारी भ्रष्टाचार, भाईचारे, देशप्रेम और मानवता का संदेश भी दिया गया। कवि सम्मेलन की शुरुआत निकुम के कवि प्यारेलाल देशमुख ने की। इसके बाद दुर्ग के डॉ. संजय दानी ने हास्य-व्यंग्य के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार किया। धमधा के कवि रामदेव शर्मा ने पत्नी पीड़ित पति की व्यथा को रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया। भिलाई के वरिष्ठ कवि रवि श्रीवास्तव ने सरकारी भ्रष्टाचार पर व्यंग्य किया, वहीं कवि बलराम चंद्राकर ने ददरिया की प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन दुर्ग के शायर सूफी हाजी इस्त्राइल बेग शाद बिलासपुरी ने किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य दानेदार साहू, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, जितेंद्र वर्मा और नारद यादव अतिथि के रूप में शामिल हुए। समापन पर समिति प्रमुख भागवत साहू सहित सदस्यों ने सभी कवियों को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। रात करीब दो बजे कार्यक्रम का समापन हुआ।

● विभिन्न स्थानों में अष्टमी और नवमीं, आज भी कन्या भोज का आयोजन

मंत्रोच्चार के साथ हवन में दी आहुति, कन्या पूजन कर कराया भोज, उपहार देकर की सुख-समृद्धि की कामना

भिलाई। शारदीय नवरात्र के अवसर पर ट्विनसिटी के देवी मंदिरों में आस्था और भक्ति का माहौल बना रहा। कहीं महाष्टमी पर विधि-विधान से हवन-पूजन किया गया, तो कहीं महानवमी के अवसर पर कन्या भोज का आयोजन कर कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनकी पूजा की गई। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। मां दुर्गा का सोलह शृंगार कर विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। हवन में आहुतियां अर्पित कर परिवार, समाज और शहर की सुख-समृद्धि की कामना की गई। कई स्थानों पर पूजा-अर्चना के बाद ज्वारा विसर्जन किया गया, जिसका सिलसिला देर रात तक चलता रहा।





मां बम्लेश्वरी मंदिर सेक्टर 6 में हुआ महाष्टमी का हवन

सेक्टर-6 डाक-तार कॉलोनी स्थित शहर के पुराने सिद्ध मंदिर बमलेश्वरी मंदिर में सोमवार को महाष्टमी का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। मंदिर में दोपहर 3 बजे विधि-विधान से हवन-पूजन किया गया। इसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। हवन में यजमान के रूप में दीपक जौजाड़कर और उनकी धर्मपत्नी ने पूजा-अर्चना की। पारंपरिक विधि से हवन संपन्न हुआ और श्रद्धालुओं ने मां जगदंबा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। यहां मंदिर में मंगलवार यानी आज महानवमी मनाई जाएगी। इस अवसर पर दोपहर 12 बजे कन्या भोज का आयोजन होगा। इसके बाद शाम को दशमी का पर्व मनाया जाएगा।

प्रमुख मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

नवरात्र के अवसर पर सेक्टर-6 गायत्री मंदिर, पावर हाउस स्थित राजराजेश्वरी मंदिर, सेक्टर 4 मां वैष्णों देवी मंदिर, शीतला मंदिर सुपेला, बघुआ मंदिर रामनगर, दुर्ग के चंडी मंदिर, शीतला मंदिर सिविल लाइन, सतीचौरा और महाराणा प्रताप मंदिर सेक्टर 7, जलकंठेश्वर मंदिर सेक्टर 6 समेत शहर के अन्य छोटे-बड़े देवी मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। भक्तों ने मां दुर्गा का पूजन कर नारियल, चुनरी और पुष्प अर्पित किए। कई मंदिरों में हवन के बाद कन्या भोज कराया गया। श्रद्धालुओं ने कन्याओं को भोजन कराकर उनका आशीर्वाद लिया। नवरात्र के अंतिम दिनों में मंदिरों में भक्तों की भीड़ और धार्मिक गतिविधियों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

महाअष्टमी पर शीतला मंदिर में हवन पूजन में श्रद्धालुओं ने दी पूर्णाहुति, विसर्जन शोभायात्रा आज



दुर्ग। कसारीडीह सिविललाइन स्थित मां सतरूपा शीतला मंदिर में नवरात्र का पर्व पूरे आस्था व श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। महाअष्टमी पर सोमवार को मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालु बड़ी संख्या में जुटे। शाम को महाअष्टमी पर हवन पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने हवन पूजन में पूर्णाहुति देकर मां शीतला से अपनी मनोकामना पूर्ण करने प्रार्थना की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि भी मंदिर पहुंचे। उन्होंने हवन पूजन में शामिल होकर लोगों की सुख समृद्धि एवं खुशहाली के लिए मां शीतला से कामना की। हवन पूजन उपरांत माता स्वरूप 21 कन्याओं को कन्या भोज कराया गया। तत्पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया गया। महाप्रसादी ग्रहण कर श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ प्राप्त किया। नवरात्रि के अंतिम दिन 20 अक्टूबर को मंदिर समिति द्वारा दोपहर 2 बजे जोत जवारा की भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए शीतला तालाब पहुंचेगी। जहां जोत जावरा का विसर्जन किया जाएगा। महाष्टमी पर सोमवार को सतरुपा शीतला सेवा समिति के अध्यक्ष रोमनाथ साहू, उपाध्यक्ष शिवसागर सिन्हा, सचिव प्रदीप देशमुख, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र धर्माकर, सह-सचिव चंपा साहू, कार्यकारिणी सदस्य तामेश्वर यादव, पुष्पा श्रीवास, संरक्षक भीखम साहू, कृष्णा देशमुख, गणेश निर्मलकर, राजा सिंह राजपूत, राजेश साहू, राजेंद्र शर्मा, दीनानाथ निर्मलकर, धनेश सिंह राजपूत, राजेंद्र सिंह चंदेल, नरेश कुटारे, ईश्वर अग्रवाल, भारतेंदु गौतम, संजय डहरवाल, विनोद चंद्राकर, गणेशराम चौधरी, तोरण साहू, अरुण साहू के अलावा सतरुपा शीतला सेवा समिति के अन्य सदस्य व श्रद्धालु व्यवस्था बनाने में जुटे रहे।

हनुमान गढ़ी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना

रामनगर में शकुंतला विद्यालय के पास स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर में भी मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना की गई। पंडित राघवेंद्र पांडे के मार्गदर्शन में महाष्टमी का हवन और पूजन विधि-विधान से संपन्न कराया गया। इसके बाद कन्या भोज का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने कन्याओं को भोजन कराकर देवी मां से परिवार की खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना की।

नवमीं पर विधायक रिकेश ने की 101 कन्याओं की पूजा, भेंट किए सुरक्षा किट

भिलाई। नवरात्रि की नवमी के पावन अवसर पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने लोकांगन परिसर में मां नवदुर्गा के नौ स्वरूपों के सानिध्य में सपत्नीक 101 नवजात कन्याओं का पूजन किया। इस दौरान परिसर में उपस्थित सैकड़ों कन्याओं को भोजन कराया गया। पूजन के पश्चात सभी 101 नवजात कन्याओं की माताओं को 11-11 हजार रुपये मूल्य की मां शिशु सुरक्षा किट भेंट की गई। किट में नवजात शिशु और उसकी माता के लिए कपड़े, कंबल, बेबी किट सहित अनेक आवश्यक सामग्री शामिल है। विधायक की इस पहल ने कन्या पूजन की परंपरा को बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और बेहतर भविष्य की जिम्मेदारी से जोड़ने का संदेश दिया। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में 1 मई 2026 से जन्म लेने वाली प्रत्येक कन्या को मां शिशु सुरक्षा किट प्रदान की जा रही है। इस अभियान के तहत अब तक 300 से अधिक कन्याओं का पंजीयन हो चुका है। भाजपा कार्यकर्ता नवजात बच्चियों के घर ढोल-बाजे और नगाड़ों के साथ पहुंचकर परिवार के बीच बेटी के जन्म की खुशियां मनाते हैं।





विश्व मैत्री दिवस पर जैन समाज के वरिष्ठजनों और उपवासकर्ताओं को किया सम्मानित



भिलाई। जैन मिलन जैन ट्रस्ट द्वारा आयोजित विश्व मैत्री दिवस समारोह आपसी सद्भाव, शांति और मैत्री भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल उपस्थित रहे। इस अवसर पर जैन समाज की धरोहर वरिष्ठजनों और धार्मिक उपवास करने वाले साधकों का सम्मान कर उनके योगदान और समर्पण का अभिनंदन किया गया। समारोह में शिक्षा और खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया। वर्ष 2021 से महिला क्रिकेट के क्षेत्र में सक्रिय छत्तीसगढ़ जैन समाज की प्रथम महिला क्रिकेटर अरुणा जैन को जैन समाज में महिला क्रिकेट को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। उनके सम्मान को समाज में महिलाओं की खेल प्रतिभा को आगे बढ़ाने और नई पीढ़ी को खेलों के प्रति प्रेरित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा गया। शिक्षा के क्षेत्र में पीएचडी करने के लिए डॉ. राहुल जैन को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने समाज के वरिष्ठजनों और धार्मिक उपवासकर्ताओं का सम्मान कर उनके प्रति आदर व्यक्त किया। विश्व मैत्री दिवस के अनुरूप आयोजित इस कार्यक्रम में आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता की भावना प्रमुख रही। जैन मिलन जैन ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय चतुर और मंत्री मुकेश जैन ने सांसद विजय बघेल की उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया। समारोह ने विश्व मैत्री दिवस के मूल भाव को आत्मसात करते हुए समाज में शांति, सद्भाव और परस्पर सहयोग की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया।

नवमी के अवसर पर उमड़ा भीड़, जनप्रतिनिधियों ने बढ़ाया प्रतिभागियों का उत्साह

कार्नर न्यूज

नवरात्रि में गरबा महोत्सव की धूम, युवा से लेकर बुजुर्ग तक थिरके, आकर्षक उपहार पाकर खिले चेहरे

भिलाई। गुजराती गीतों की गूंज, डांडिया की खनक, पारंपरिक परिधानों की रंग-बिरंगी छटा और गरबा की ताल पर थिरकते कदम। कुछ ऐसे ही उत्साहपूर्ण माहौल के बीच हरिभूमि, आईएनएच एवं सर्व शक्ति सेवा समिति का नौ दिवसीय दिलबर डांडिया महोत्सव नवमी के अवसर पर अपने समापन की ओर बढ़ा। सिविक सेंटर स्थित वेल्डेक्स ग्राउंड में आयोजित इस महोत्सव में ट्विनसिटी के लोगों की अच्छी-खासी भीड़ उमड़ी। बच्चों से लेकर युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों तक सभी ने गरबा-डांडिया में उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। पारंपरिक गुजराती नृत्य, आकर्षक वेशभूषा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे परिसर को उत्सव के रंग में रंग दिया। वहीं, प्रतिभागियों को आकर्षक उपहार दिए जाने से आयोजन का रोमांच और बढ़ गया।





जनप्रतिनिधियों ने बढ़ाया उत्साह

कार्यक्रम में विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय और दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, पार्षद वीणा चंद्राकर, रिसाली पार्षद धर्मेंद्र भगत, पिंकी सिन्हा, समाजसेवी प्रशांत पांडेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी शामिल हुए। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया और आयोजन की सांस्कृतिक गतिविधियों का आनंद लिया। नौ दिनों तक चले इस महोत्सव में हर दिन बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी रही। निःशुल्क प्रवेश की सुविधा ने बच्चों, युवाओं और परिवारों को एक साथ उत्सव में शामिल होने का अवसर दिया।



आकर्षक उपहारों ने बढ़ाया रोमांच

महोत्सव के अंतिम पांच दिनों में प्रतिभागियों के लिए विशेष उपहार रखे गए थे। उपहार वितरण के दौरान लोगों में खास उत्साह देखने मिला। साइकिल सहित अन्य आकर्षक पुरस्कार पाकर प्रतिभागियों के चेहरे खिल उठे। गरबा-डांडिया की मस्ती, सांस्कृतिक छटा और उपहारों के रोमांच ने आयोजन को यादगार बनाया। पिछले 12 वर्षों से ट्विनसिटी की नवरात्रि का खास आकर्षण रहे डांडिया महोत्सव ने एक बार फिर लोगों को परंपरा, उमंग और आपसी मेल-मिलाप के रंग में रंग दिया।

सिटी इवेंट

विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों ने दिया समभाव और सद्भाव का संदेश



भिलाई। भारत रत्न और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती के अवसर पर विश्व छात्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर समभाव सामाजिक सेवा समिति भिलाई की ओर से सेक्टर-9 स्थित मुख्य अस्पताल के सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति के संरक्षक बिमान भट्टाचार्य, बीना भट्टाचार्य और राजेन्द्र नायडू के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में सेवा, सद्भाव और सामाजिक सहयोग की भावना को प्रमुखता दी गई। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त होने जा रहे मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. उदय कुमार और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संबिता पंडा का सम्मान किया गया।

- विश्व छात्र दिवस पर डॉ. उदय कुमार और डॉ. संबिता पंडा का सम्मान

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद समिति अध्यक्ष पिलेश कुमार सिंह ने स्वागत भाषण दिया। इस दौरान डॉ. उदय कुमार और डॉ. संबिता पंडा को पुष्पगुच्छ, शॉल और स्नेह के प्रतीक उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। समिति ने विभिन्न धर्मों के बीच समभाव की भावना को आगे बढ़ाते हुए विशिष्ट अतिथियों डॉ. आरपी बिन्दु, नरेश खोसला, शेरे बशीर, पलविंदर सिंह और फ्रांसिस एंथोनी का भी पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। अपने संबोधन में डॉ. उदय कुमार और डॉ. संबिता पंडा ने समिति द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने अस्पताल में समिति की ओर से आयोजित किए जाने वाले निस्वार्थ और प्रेरणादायी कार्यक्रमों को सामाजिक सहयोग का अच्छा उदाहरण बताया। कार्यक्रम का संचालन सुनीता पाण्डे ने किया और आभार प्रदर्शन जावेद हसन ने किया। इस अवसर पर समिति के सदस्य दिनेश मिश्रा, जी सूर्यनारायण, बीपी राजपूत, रविन्द्र देबनाथ, रामकिंकर मिश्रा, योगेन्द्र साहू, अंतर्यामी नायक, एस बंद्योपाध्याय, रामसमुझ, गोविंद पाल और रमेश भारती सहित अस्पताल प्रबंधन के कर्मचारी, नर्सिंग स्टाफ और अन्य आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहे।

कालीबाड़ियों में दुर्गोत्सव की धूम, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित जनप्रतिनिधियों ने किए मां दुर्गा के दर्शन

कोलकाता के कलाकारों ने बिखेरी बंगाल की लोक संस्कृति की छटा, बाउल और फोक संगीत से मोहा मन

भिलाई। ट्विनसिटी भिलाई-दुर्ग में शारदीय दुर्गोत्सव के अवसर पर कालीबाड़ियों में भक्ति, संगीत और सांस्कृतिक परंपराओं का अनूठा रंग देखने को मिल रहा है। हुडको स्थित रबिन्द्र निकेतन कालीबाड़ी में गाता रहे मेरा दिल म्यूजिकल नाइट में कलाकारों ने सुरीले गीतों से समां बांधा, वहीं हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी में कोलकाता से आए कलाकारों ने बाउल और लोकसंगीत के माध्यम से बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक पेश की। यहां बच्चों और बड़ों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। सोमवार को महाष्टमी पर दोनों कालीबाड़ियों में मां दुर्गा के दर्शन, पूजा-अर्चना और पुष्पांजलि के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित जनप्रतिनिधियों ने मां दुर्गा के दर्शन किए, हुडको कालीबाड़ी में विधायक देवेंद्र यादव और नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा पहुंचे। ट्विनसिटी के सेक्टर-6, वैशाली नगर सहित अन्य कालीबाड़ियों में भी दुर्गोत्सव के दौरान धार्मिक अनुष्ठानों और सांस्कृतिक आयोजनों की धूम रही।

हुडको कालीबाड़ी में गाता रहे मेरा दिल से सजी संगीत की शाम

हुडको स्थित रबिन्द्र निकेतन कालीबाड़ी में दुर्गोत्सव के अवसर पर आयोजित म्यूजिकल नाइट, गाता रहे मेरा दिल संगीत प्रेमियों के लिए खास रही। कार्यक्रम में मौऊ दत्ता, पीटी उल्लास, सुमीता सरकार और देबब्रात रॉय ने अपनी सुरीली आवाज और सुमधुर गीतों से श्रोताओं का मन मोह लिया। कलाकारों की प्रस्तुतियों के दौरान परिसर में संगीत का खुशनुमा माहौल बना रहा। उपस्थित लोगों ने गीतों का आनंद लेते हुए कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। दुर्गोत्सव के दौरान आयोजित इस सांस्कृतिक संध्या ने उत्सव की रौनक बढ़ा दी। महाष्टमी के अवसर पर सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां दुर्गा के दर्शन और पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए मंदिर पहुंचे। भक्तों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के बीच भोग प्रसाद का वितरण भी किया गया।





विधायक देवेंद्र यादव और भोजराज सिन्हा ने किए दर्शन :
महाष्टमी पर भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव और भिलाई नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा भी रबिन्द्र निकेतन कालीबाड़ी पहुंचे। दोनों ने मां दुर्गा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया।

हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी में बाउल और फोक संगीत की गूंज :
हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी में शारदीय दुर्गोत्सव के अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी धूम रही। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ भिलाई-चरोदा के महापौर निर्मल कोसरे, मुकेश चन्द्राकर सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। अतिथियों ने मां दुर्गा के दर्शन कर प्रदेश की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। पूर्व मुख्यमंत्री ने पूजा समिति की ओर से आयोजित दुर्गोत्सव और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की। हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों और बड़ों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। नृत्य, संगीत और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से कलाकारों ने दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों पर उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर उनका उत्साह बढ़ाया।





कालीबाड़ी अध्यक्ष काजोल चक्रवर्ती का सम्मान

कार्यक्रम के दौरान हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी के अध्यक्ष काजोल चक्रवर्ती को लंबे समय से दी जा रही सेवाओं और योगदान के लिए पूजा समिति की ओर से सम्मानित किया गया। समिति ने उनके कार्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने भी उनके योगदान की सराहना की।

ट्विनसिटी की कालीबाड़ियों में भी आयोजन

ट्विनसिटी भिलाई-दुर्ग की विभिन्न कालीबाड़ियों में शारदीय दुर्गोत्सव के दौरान धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों का सिलसिला जारी रहा। सेक्टर-6 कालीबाड़ी और वैशाली नगर सहित अन्य कालीबाड़ियों में भी मां दुर्गा की पूजा-अर्चना, पुष्पांजलि, भोग वितरण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से पर्व मनाया गया। इन आयोजनों में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कालीबाड़ियों में पूजा-पाठ के साथ संगीत, नृत्य और पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बंगाल की परंपराओं को जीवंत बनाए रखा। पूरे ट्विनसिटी में दुर्गोत्सव के दौरान आस्था, उल्लास और सांस्कृतिक विरासत की सुंदर झलक देखने को मिली।

अध्यक्ष काजोल चक्रवर्ती का सम्मान

कार्यक्रम के दौरान हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी के अध्यक्ष काजोल चक्रवर्ती को लंबे समय से दी जा रही सेवाओं और योगदान के लिए पूजा समिति की ओर से सम्मानित किया गया। समिति ने उनके कार्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने भी उनके योगदान की सराहना की।

सिटी लाइव

आत्मनिर्भरता की रोशनी बिखेरने दिवाली एग्जीबिशन में सजेगा स्वदेशी उत्पादों का बाजार

दुर्ग। दीपावली के उपलक्ष्य पर महिलाओं की कला, हुनर और स्वावलंबन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स महिला इकाई द्वारा 25 अक्टूबर को सिटी सेंटर मॉल, फरिश्ता कॉम्प्लेक्स के पास दीवाली एग्जीबिशन का आयोजन किया गया है। यह प्रदर्शनी सुबह 10:30 बजे से रात 10 बजे तक चलेगी। प्रदर्शनी में महिलाओं द्वारा तैयार किए गए नये, आकर्षक और हस्तनिर्मित उत्पादों की विविध श्रृंखला देखने और खरीदने का अवसर मिलेगा। इसमें गिफ्ट हैम्पर्स, चॉकलेट, घरेलू स्किनकेयर उत्पाद, हर्बल कॉस्मेटिक्स, गोबर से बने विशेष उत्पाद, साड़ियां, सूट, आभूषण और आकर्षक बैग सहित अन्य उत्पाद उपलब्ध रहेंगे। यह प्रदर्शनी कैट महिला इकाई दुर्ग की जिला अध्यक्ष पायल जैन के नेतृत्व में आयोजित की गई है। जिसमें स्वालंबी भारत अभियान और कैट युवा विंग सहयोगी संस्था है। प्रदर्शनी के संबंध में कैट महिला इकाई दुर्ग की जिला अध्यक्ष पायल जैन ने बताया कि दीपावली के अवसर पर उपहारों की खरीदारी करने वाले लोगों के लिए यह प्रदर्शनी खास आकर्षण का केंद्र रहेगी। प्रदर्शनी का उद्देश्य महिला उद्यमियों और घरेलू स्तर पर अपने हुनर से उत्पाद तैयार करने वाली महिलाओं को एक बेहतर मंच उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपने उत्पादों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचा सकें और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ सकें। यह आयोजन स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के साथ ही स्वदेशी उत्पादों और महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने का प्रयास है। कैट महिला इकाई दुर्ग की जिला अध्यक्ष पायल जैन ने बताया कि प्रदर्शनी में खरीदारी के साथ स्वाद के शौकीनों के लिए भी विशेष इंतजाम रहेंगे। यहां खाऊ ठेला, गुपचुप, चाट, पापड़ी चाट, भेल, साबूदाना बड़े, दाबेली, कोल्ड कॉफी सहित कई स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया जा सकेगा। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्वाद भी लोगों को आकर्षित करेगा। 'चाय पर चर्चा' के जरिए लोगों को मेल-मिलाप और आपसी संवाद का अवसर भी मिलेगा।



- 25 को हस्तनिर्मित उत्पादों के साथ लोगों को लजीज व्यंजनों का भी मिलेगा स्वाद

दिया जा रहा धार्मिक ज्ञान और नैतिक मूल्यों का प्रशिक्षण

जैन संस्कार शिविर में 135 बच्चे ग्रहण कर रहे धर्म और संस्कारों की शिक्षा

दुर्ग। वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रमण संघ, दुर्ग के बैनर तले जय आनंद मधुकर रतन भवन, बांधा तालाब, दुर्ग में जैन संस्कार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मानव मिलन संस्थापक, नेपाल केसरी, राष्ट्र संत डॉ. मणिभद्र मुनि महाराज के पावन सानिध्य और पुनित मुनि महाराज के प्रेरक मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में लगभग 135 बच्चे जैन धर्म, धार्मिक संस्कारों एवं नैतिक शिक्षा का अध्ययन कर रहे हैं। शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों में बचपन से ही धर्म के प्रति आस्था, संस्कारों के प्रति सम्मान तथा जीवन में सदाचार, अनुशासन, विनम्रता, अहिंसा और करुणा जैसे गुणों का विकास करना है। वर्तमान समय में बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ अपनी धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए शिविर में बच्चों को जैन धर्म के मूल सिद्धांतों, धार्मिक परंपराओं और जीवन को श्रेष्ठ बनाने वाले संस्कारों से परिचित कराया जा रहा है।



पुनित मुनि निभा रहे हैं महत्वपूर्ण भूमिका

शिविर में पूज्य पुनित मुनि महाराज बच्चों को धार्मिक संस्कार प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके प्रेरणादायी मार्गदर्शन में बच्चे धर्म की मूल भावना को समझने के साथ-साथ उसे अपने दैनिक जीवन में अपनाने की प्रेरणा प्राप्त कर रहे हैं। सरल एवं सहज तरीके से दी जा रही धार्मिक शिक्षा बच्चों के मन में अच्छे विचारों, नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक चेतना के बीज रोपित कर रही है। जय आनंद मधुकर रतन पाठशाला की प्राध्यापिका श्रीमती कविता रतनबोहरा, अरुण रतन बोहरा इंदिरा बोहरा भूमिका संचेती, चंचल श्रीश्रीमाल, चंदा रूणवाल, मंजु सुराणा, मोनिका चोपड़ा, पायल पारख, रेणुका गोलक्षा, संगीता बाघमार, रिंकी बेगानी, रचिता का संस्कार शिविर के संयोजन में उत्कृष्ट योगदान रहा।

विद्यार्थियों ने दी डांडिया की प्रस्तुति

पारंपरिक गुजराती परिधानों में विद्यार्थियों ने किया गरबा



दुर्ग। भारती विश्वविद्यालय दुर्ग के प्रांगण में नवरात्रि के अवसर पर गरबा उत्सव के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक गुजराती परिधानों में गरबा और डांडिया की मनमोहक प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सुशील चंद्राकर एवं संयुक्त प्रबंध निदेशक शालिनी चंद्राकर अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों में हमारी संस्कृति के प्रति सम्मान और एकता की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम में उप-कुलपति डॉ. आलोक भट्ट, कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र कुमार स्वर्णकार, डायरेक्टर डॉ. आरपी अग्रवाल, डायरेक्टर डॉ. घनश्याम साहू, डॉ. विद्यावती चंद्राकर एवं डॉ. स्वाती पांडे की विशेष उपस्थिति रही। पुरस्कृत प्रतिभागियों में बेस्ट गरबा किंग- यश साहू, बेस्ट गरबा क्विन- शिवानी थवाइत, बेस्ट कॉस्ट्यूम प्रज्वल प्रधान एवं प्रियंका साहू थे।

गरबा डांडिया नाइट 2026 का आयोजन दिखी भारतीय संस्कृति की झलक

भिलाई। संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में गरबा डांडिया नाइट 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवरात्रि के उत्साह, भारतीय संस्कृति और पारंपरिक नृत्य का शानदार संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में संजय रूंगटा, चेयरमैन संकेत रूंगटा, डायरेक्टर एवं हर्षा रूंगटा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. प्रीति नवीन यादव ने किया। इस अवसर पर आरसीएसटी, आरआईपीएस/आरआईपीएसआर, आरसीएसडीआर, आरआईएसएम, आरआईटीआई, आरएसआरआरसीईटी एवं आरपीएस के डायरेक्टर्स, डीन, प्राचार्य और संकाय सदस्य उपस्थित रहे। लगभग 1500 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चेयरमैन संजय रूंगटा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने और सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना एवं नृत्य गुरु डॉ. राखी रॉय, संस्थापक नृत्यधाम, तथा धर्मेश शाह ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में गरबा ग्रुप, डांडिया कपल, गरबा कपल, सर्वश्रेष्ठ परिधान तथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। गरबा ग्रुप प्रतियोगिता में आरसीएसटी के तामेश्वर, रोशनी, शाहिद, हर्ष, शिवानी, गायत्री, दामिनी और सिमरन विजेता रहे, जबकि आरसीएसडीआर की स्वप्ना, रितिका, सिमी, तितस, श्रेया और स्नेहा उपविजेता रहे । डांडिया कपल प्रतियोगिता में आरआईपीएसआर के मधुर एवं विभा विजेता बने। गरबा कपल प्रतियोगिता में आरआईटीआई के हेमलता एवं दुष्यंत विजेता तथा शारदा एवं आकांक्षा उपविजेता रहीं। प्रियांशु एवं साक्षी को सर्वश्रेष्ठ परिधान तथा हिमांशु एवं विद्धि को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अंकित तिवारी एवं उनके बैंड की शानदार लाइव प्रस्तुति रही, जिसका विद्यार्थियों और अतिथियों ने भरपूर आनंद लिया। संगीत, नृत्य और उल्लास से भरी यह शाम सभी के लिए यादगार रही।



कार्नर न्यूज

अष्टमी को लगाया 56 भोग, महाआरती में जुटे लोग

दादी राणी सती के मंगलपाठ में झूम उठी महिलाएं, 9 दिनों तक रोज हुआ माता का अभिषेक और कन्या पूजन



दुर्ग। प्रदेश के एकमात्र स्थान दुर्ग के गंजपारा स्थित सतीचौरा माँ दुर्गा मंदिर में क्वांर नवरात्र पर्व के अवसर पर पूरे 9 दिवस कराया जाता है कन्या भोज जिसमें प्रतिदिन लगभग 208 कन्या माताओं का पूजन करके कन्या भोज कराया गया। क्वांर नवरात्र पर्व के अवसर पर श्री सतीचौरा मां दुर्गा मंदिर दुर्ग में 20 अक्टूब तक प्रतिदिन सुबह 9 बजे माता जी का अलग अलग धर्मप्रेमियों द्वारा पूरे परिवार सहित उपस्थित होकर माता का अभिषेक दोपहर 12 बजे कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन होता है, मंदिर परिसर में सुबह 9 बजे से माता जी का अभिषेक उसके पश्चात दोपहर 12 बजे दुर्गा मंदिर परिसर में लगभग 200 से अधिक कन्या माताओं का पूजन करके कन्या भोज कराया जाता है।



अष्टमी पर लगाया 56 भोग

सतीचौरा दुर्गा मंदिर में अष्टमी को दोपहर 12 बजे माता को 56 भोग लगाया गया। शाम 7 बजे महाआरती के साथ 56 भोग की आकृषित साज–सज्जा की गई साथ ही पूरे मंदिर परिसर को सभी प्रकार के फल से सजाया गया।



भजनों की प्रस्तुति में झूमीं महिलाएं

क्वांर नवरात्र पर्व के अवसर पर सप्तमी तिथि को दादी राणी सती के मंगलपाठ का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में चुनरी वाली साड़ी पहनकर महिलाएं मां दुर्गा मंदिर आये और भजनों की प्रस्तुति में खूब झूमे, दादी आई है, मेरी मैया मेरे घर आई रे, आज है दादी अमावस्या, श्रीराणी सती दादी की जय, दे दे थोड़ा प्यार दादी जैसे भक्ति भजनों पर महिलाएं जमकर झूमी। मंगल महोत्सव में महिलाओं ने भी दादी का मंगल पाठ किया। कार्यक्रम की आयोजिका एवं महिला सदस्य मोना दिनेश शर्मा एवं वीणा सुधीर राठी ने बताया कि ने बताया कि मंगल पाठ के दौरान दादीजी के जन्म प्रसंग के दौरान कई श्रद्धालुओं ने उपहार के रूप में चाकलेट, खिलौने, मिठाइयां, लड्डू व अन्य वस्तुएं बांटी एवं शिक्षा की रस्म में सभी उपस्थित छोटे छोटे बच्चों को कॉपी पेन का वितरण किया गया, कथा में दादी जी के विवाह रस्म अजोजक समिति की महिलाओं ने सभी उपस्थित महिलाओं को मेहदी एवं हल्दी लगाई और सती होने तक की सभी रस्मों का मंचन किया गया। जन्मोत्सव के दौरान बधाइयां लेने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं व कन्याएं उमड़ी। और माता जी का गाना नाचो गाओ खुशी मनाओ झूमो रे सब आज, मां आई घर आपने सब मंगल गाओ रे गा कर पूरे कार्यक्रम स्थल को धार्मिकता में बदल दिया। महोत्सव में अखंड ज्योत, जन्मोत्सव, बधाई उत्सव, मुकलावा उत्सव व महाप्रसादी आकर्षण का केंद्र रहा। छोटे छोटे बच्चों को आकर्षित झांकी के रूप में सजाई गई थी, जिसे देख सभी उपस्थित जन झूम उठे। पाठ के दौरान माता जी की स्कूली शिक्षा की कथा में छोटे छोटे बच्चों की स्कूल बैग रखकर झांकी प्रस्तुत की गई जिसमें दादी चली स्कूल पढ़ने को गाना गाया गया। दादी जी के विवाह प्रसंग में मेहंदी हल्दी की रस्म की गई जिसमें मेहंदी रची थारी हाथा में गाने में सभी झूमती रही उसके बाद दादी जी के मंगल विवाह प्रसंग में सभी महिलाओं को चुनरी भेंट की गई जिसे पहनकर सभी महिलाएं माता के विवाह में शामिल हुए और माता की चुनरी पहनकर विवाह प्रसंग में बारात में नाचे, कार्यक्रम में खाटू श्याम बाबा और बालाजी महाराज के भजनों का भी सुमधुर गायन किया गया जिसमें देर रात तक

खबर संक्षेप



रेल मिल के 8 कार्मिकों को मिला कर्म शिरोमणि

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल के आठ कार्मिकों को उत्कृष्ट योगदान के लिए कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। संजय कुमार देवांगन, विपुल चंद्र विक्टर, महेश्वरी देवांगन, विक्रमादित्य बोस विनोद कुमार, रोहित कुमार नेताम, अली अकरम, शरत को पुरस्कृत किया गया। सभी को मुख्य महाप्रबंधक तीर्थंकर दस्तीदार ने उपहार, प्रशस्ति पत्र, मिठाई कूपन देकर सम्मानित किया। उन्होंने कार्मिकों के कार्य के प्रति समर्पण, कर्मठता की सराहना की। पुरस्कृत कार्मिकों ने प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सम्मान से उनका मनोबल बढ़ता है तथा उन्हें अपने कार्य में और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है।
इस अवसर पर मिल के महाप्रबंधक अरविन्द टंडन, एनके खरे, प्रशांत खोंड, धुरजती सिन्हा एवं श्री एस. के. गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी जसबीर सिंह ने किया।

बैकुंठधाम में रावण दहन आज

भिलाई। बैकुंठधाम दशहरा मैदान में दशहरा पर्व पर 20 अक्टूबर को शाम 7.45 बजे रावण दहन किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय शामिल होंगे। विशेष रूप से वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, गंगाजलि एजुकेशन सोसाइटी के चेयरमैन आईपी मिश्रा प्रमुख रूप से मौजूद रहंगे।

निधन

ठाकुर निहाल

भिलाई। कृष्णा नगर बजरंग चौक सुपेला निवासी ठाकुर निहाल का लंबे बीमारी के बाद सोमवार को निधन हो गया। वे भजपा सुपेला मंडल महामंत्री और अखिल भारतीय उड़िया समाज के सक्रिय सदस्य भी थे। अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। ठाकुर निहाल हरि केटर्स के संचालक भी थे। जिनका अंतिम यात्रा 20 अक्टूबर मंगलवार की सुबह 11 बजे निवास स्थान से मुक्तिधाम को निकलेगी। वे छोटू, केवल, मनोहर, मुरली प्रकाश, एबीयूएस महासचिव टीके, कैलाश निहाल के भाई थे।



अन्नमा जॉर्ज

भिलाई। हाउसिंग बोर्ड, इंडस्ट्रियल एरिया निवासी अन्नमा जॉर्ज (75 वर्ष) का सोमवार को निधन हो गया। वे आशा, सतीश की माता एवं सतीश फिलिप की सास और शेरिल सोसन फिलिप की नानी थी। जिनका अंतिम संस्कार मंगलवार 20 अक्टूबर को किया जाएगा। इससे पूर्व निवास पर दोपहर 1 से 2 बजे प्रार्थना सभा और चर्च में दोपहर 3 बजे प्रार्थना सभा आयोजित होगी। शाम 4 बजे कब्रिस्तान में अंतिम संस्कार किया।



गुमशुदा



रामचरण जंघेल (73 वर्ष)
पता :- कृष्णा नगर, शास्त्री मार्केट, वार्ड-8, भास्कर किराना स्टोर्स के पास, सुपेला भिलाई

इनकी मानसिक स्थिति ठीक नही है और याददास्त बहुत कमजोर हो चुका है, दिनांक- 18/10/26 को सुबह 10 बजे के आस-पास घर में बिना बताये कहीं चले गये हैं। जिस किसी को भी मिले कृपया नीचे लिखे नंबर पर सूचित करने की कृपा करें। **सूचना देने वाले को उचित ईनाम दिया जायेगा।**

अजय जंघेल : 78286-81048
सुदर्शन जंघेल : 88173-88775
83493-38370

ठंडी के मौसम ने दी दस्तक, मैत्रीबाग चिड़ियाघर में फिर बढ़ेगी रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बरसात के समाप्त होने के बाद अब ठंड के मौसम ने दस्तक देना शुरु कर दिया है। चार महीने बाद मैत्रीबाग फिर से एक बार पर्यटकों से गुलजार होगा। इसे देखते यहां सैलानियों को लुभाने के लिए तैयारी शुरु हो गई है। उद्यावाटिकाओं के साथ चिड़ियघर को भी नए सिरे से संवारा जा रहा है। ठंडी में ही सबसे ज्यादा लोग यहां आते हैं और मेगा फ्लावर शो भी इसी मौसम में होता है।

बारिश के मौसम में मैत्रीबाग में पर्यटकों की आमदकम होती है। इस साल तो अधिक वर्षा होने के कारण बहुत लोग यहां पहुंचे। अब ठंडी के दस्तक देते ही मैत्रीबाग की रौनक बढ़ जाएगी। ठंडी में सैलानियों की बढ़ने वाली तादाद को देखते हुए मैत्रीबाग प्रबंधन द्वारा यहां तैयारी शुरु कर दी गई है। उद्यानों, लांनों के साथ चिड़ियाघर में भी साफ सफाई की जा रही है। यहां आसपास चारों ओर बरसात के खरपतवार और घनी झाड़ियां आदि फैली हुई थीं। यहां से कचरे हो डिस्पोज कया जा रहा है।

झील के पीछे प्रगति मीनार और उद्यानों के कारीडोरों आदि में फैली झाड़ियों की सफाई की जाएगी। साथ ही उद्यानवाटिकों के फूलों व शो प्लाट्स आकर्षक पौधों की भी छंटाई की जा रही है। प्रसाधनों और सार्वजनिक नलों के आसपास से भी कचरे को हटाया जा रहा है। वहीं पखवाडे, महीनेभर बाद गैंदा, गुलाब, डहलिया और कैलेंडूला आदि सीजनल फूलों की बहार होगी। चिड़ियाघर के बाड़ों और कैज को भी साफ सुधरा कर रंगरोगन किया जाएगा। वाइट टाईगर, फाक्स और हिरणों के एनक्लोजर को भी अपडेट किया जाना है।

पर्यटकों को लुभाने संवर रहा जू



बोटिंग व ट्रेन के बाद अब म्यूजिकल फाउंटेन का सैलानियों को इंतजार

मैत्रीबाग में झील में बच्चों की ट्रेन और झील मे बोटिंग पर्यटकों के मनोरंजन के प्रमुख केंद्र हैं। इनके बाद अब लोगों को पिछले कई साल से बंद पड़े आकर्षक म्यूजिकल फाउंटेन के शुरु होने का इंतजार है। देश मे अपनी तरह का पहला म्यूजिकल फाउंटेन लंबे समय से बिगड़ा हुआ। फाउंटेन का ईविनंग शो में रोज खासी भीड़ होती थी। लेकिन इसके बिगड़े पड़े होने से पर्यटकों में निराशा है। म्यूजिक फाउंटेन और दर्शकदीर्घा दोनों डैमेज पड़े हैं। मैत्रीबाग पहुंचे लोगों ने बताया कि म्यूजिक फाउंटेन के बच्चे ही नहीं बल्कि हर उम्र के लोग दीवाने थे। इसे जल्द रिपेटर कर चालू किए जाने की जरुरत है। मैत्रीबाग की शान बढ़ने के साथ राजस्व भी बढ़ेगा।

फसल में असामान्य लक्षण दिखाई देने पर अपनाएं वैज्ञानिक तरीका

फसल को कीटों से बचाने क्रॉप डॉक्टर एप, कृषि विज्ञान केंद्र और मोबाइल संदेशों की ले रहे मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

किसानों की फसलों को कीट एवं रोगों से होने वाले नुकसान से बचाने और कृषि उत्पादन की गुणवत्ता बनाए रखने के उद्देश्य से फसल स्वास्थ्य प्रबंधन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कीट एवं रोगों की समय पर पहचान करने, वैज्ञानिक तरीके से उनका निदान कराने तथा उचित नियंत्रण उपाय अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस दिशा में डिजिटल सुविधाओं, कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों और क्षेत्रीय कृषि परामर्श सेवाओं का लाभ लेने की सलाह दी गई है।

फसलों में कीट एवं रोगों का प्रकोप किसानों के लिए चुनौती बन सकता है। समय पर समस्या की पहचान नहीं होने अथवा बिना उचित जानकारी के कृषि रसायनों का छिड़काव करने से फसल को नुकसान पहुंचने के साथ उत्पादन लागत भी बढ़ सकती है। इसे ध्यान में रखते हुए किसानों को सलाह दी गई है कि वे फसल में असामान्य लक्षण दिखाई देने पर पहले समस्या का वैज्ञानिक निदान कराएं और उसके बाद ही उपयुक्त नियंत्रण उपाय अपनाएं।

कृषि रसायनों का छिड़काव करने से बढ़ सकती है उत्पादन लागत



कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों से लें सलाह

फसल में असामान्य लक्षण दिखाई देने, कीट अथवा रोग की पहचान स्पष्ट नहीं होने या सामान्य उपायों से लाभ नहीं मिलने पर किसान अपने जिले के कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों से संपर्क कर सकते हैं। परामर्श के लिए किसान फसल का नाम, किस्म, वर्तमान अवस्था, प्रभावित पौधों एवं पत्तियों की स्पष्ट तस्वीरें, नुकसान का स्वरूप तथा हाल में उपयोग किए गए उर्वरकों और कृषि रसायनों की जानकारी उपलब्ध कराएं। इससे वैज्ञानिकों को समस्या के संभावित कारणों का आकलन करने और उपयुक्त प्रबंधन संबंधी मार्गदर्शन देने में सहायता मिलेगी। आवश्यकता पड़ने पर नमूनों की जांच अथवा खेत का निरीक्षण भी कराया जा सकता है।

क्रॉप डॉक्टर एप से मिलेगी फसल समस्याओं की जानकारी

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय का क्रॉप डॉक्टर एप फसलों में दिखाई देने वाले लक्षणों के आधार पर कीट एवं रोग संबंधी समस्याओं को समझने तथा उनके प्रबंधन की जानकारी प्राप्त करने का उपयोगी डिजिटल माध्यम है। पत्तियों का पीला पड़ना, धब्बे आना, पौधों का मुरझाना, तनों एवं जड़ों को नुकसान पहुंचना अथवा कीटों का प्रकोप जैसे लक्षणों के संबंध में किसान इस ऐप के माध्यम से उपलब्ध जानकारी का लाभ ले सकते हैं। जानकारी संभावित समस्या को समझने में सहायक हो सकती है। हालांकि, गंभीर अथवा अस्पष्ट मामलों में कृषि वैज्ञानिकों से परामर्श लेकर समस्या की पुष्टि कराना जरूरी है। किसान एप का उपयोग कर सकते हैं।

मोबाइल संदेशों से क्षेत्रीय कृषि परामर्श पर जोर

फसल की अवस्था, मौसम और क्षेत्र विशेष में कीट एवं रोगों के संभावित प्रकोप को ध्यान में रखते हुए समय पर कृषि परामर्श प्राप्त करना फसल सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। कृषि विज्ञान केंद्रों से संबंधित परामर्श सेवाओं के माध्यम से किसानों तक मोबाइल संदेशों द्वारा कृषि संबंधी जानकारी पहुंचाई जाती है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे अपने क्षेत्र के लिए जारी आधिकारिक कृषि परामर्श पर ध्यान दें और उसी के अनुरूप फसल प्रबंधन करें।

दुर्ग में सवर्ण अधिकार न्याय यात्रा व ईडब्ल्यूएस क्रांति का पहला पड़ाव 23 अक्टूबर को, चार प्रमुख मांगें उठेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



■ कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की

छत्तीसगढ़ में सवर्ण अधिकार न्याय यात्रा एवं इडब्लूएस क्रांति के तहत 23 अक्टूबर को सिविक सेंटर सेक्टर-06 में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अभियान के तहत आयोजकों ने चार प्रमुख मांगों को लेकर अपनी आवाज बुलंद करने की तैयारी की है। प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक सिंह और प्रदेश महामंत्री मानवेंद्र सिंह ने समाज के लोगों, युवाओं और सर्व समाज से कार्यक्रम में शामिल होकर एकजुटता प्रदर्शित करने की अपील की है।

आयोजकों के अनुसार, अभियान के तहत पहली मांग यूजीसी रेगुलेशन 2026 के प्रावधानों पर पुनर्विचार और उनसे जुड़ी आशंकाओं को दूर करने की है। दूसरी मांग आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को प्रमाण-पत्र और पात्रता संबंधी समस्याओं से राहत दिलाने, कंडिका 6.3 की समीक्षा तथा राजस्थान मॉडल पर विचार करने से संबंधित है। तीसरी मांग एसटीएससी एक्ट में प्रक्रियागत सुधार की है। आयोजकों का कहना है कि इस विषय पर निष्पक्ष जांच, पारदर्शिता और विधिसम्मत प्रक्रिया सुनिश्चित करने की दिशा में विचार किया जाना चाहिए। वहीं, चौथी मांग सामान्य वर्ग के आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर परिवारों की समस्याओं के समाधान के लिए सवर्ण आयोग के गठन की है। प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने कहा कि सवर्ण अधिकार न्याय यात्रा एवं इडब्लूएस क्रांति का उद्देश्य समाज के लोगों और युवाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा अपनी मांगों को लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से सरकार के समक्ष रखना है। प्रदेश महामंत्री मानवेंद्र सिंह ने अभ्यर्थियों की समस्याओं के समाधान और आशंकाओं पर सरकार से स्पष्ट रुख अपनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि संबंधित विषयों पर सभी पक्षों की बात सुनकर उचित निर्णय लिया जाना चाहिए। आयोजकों ने सवर्ण समाज सहित सर्व समाज और युवा वर्ग से 23 अक्टूबर को सिविक सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

दुर्गा पंडालों, मंदिरों के हवन-पूजन में सहपरिवार शामिल हुए विधायक देवेंद्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव नवरात्रि के पावन अवसर पर अपनी पत्नी, बेटे और परिवार के साथ माता रानी के हवन-पूजन में शामिल हुए। उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर माता रानी का आशीर्वाद लिया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं जनकल्याण की कामना की।

इस दौरान विधायक देवेंद्र यादव ने माता रानी की आरती की। उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ भक्तिभाव से गरबा भी किया। माता रानी की भक्ति में लीन विधायक को अपने बीच पाकर श्रद्धालुओं में भी उत्साह नजर आया। उन्होंने भक्तों के साथ मिलकर नवरात्रि की खुशियां साझा कीं और सभी को पर्व की शुभकामनाएं दीं। पूजन के बाद विधायक देवेंद्र यादव ने श्रद्धालुओं को माता रानी का भोग-प्रसाद वितरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नवरात्रि आस्था, भक्ति और शक्ति की उपासना का पर्व है। यह पर्व हमें आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता के साथ रहने की प्रेरणा देता है। नवरात्रि के दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों में माता रानी की आराधना, हवन-पूजन और गरबा के आयोजन हो रहे हैं। इन आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर माता रानी की भक्ति कर रहे हैं।

बीएसपी को बेचे जाने की जानकारी को इस्पात मंत्रालय ने बताया भ्रामक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बीएसपी ने सोशल मीडिया तथा कुछ प्रिंट मीडिया प्रकाशनों में भिलाई इस्पात संयंत्र को बेचने की योजना के संबंध में प्रसारित हो रही खबरों को असत्य एवं भ्रामक बताया है। इस्पात मंत्रालय ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से इन दावों का खंडन किया है।

■ कहा-दी जा रही है गलत जानकारी

भिलाई इस्पात संयंत्र ने अपने कर्मचारियों, हितधारकों तथा छत्तीसगढ़ की जनता से अपील की है कि वे ऐसी अपुष्ट सूचनाओं पर विश्वास न करें और न ही उन्हें आगे प्रसारित करें। सभी से अनुरोध है कि सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों पर किसी भी जानकारी को साझा करने से पहले आधिकारिक एवं प्रमाणित स्रोतों से उसकी पुष्टि अवश्य करें।

संयंत्र केवल एक औद्योगिक प्रतिष्ठान नहीं है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ की पहचान, गौरव और औद्योगिक विरासत का अभिन्न अंग है। अपनी स्थापना के बाद से ही संयंत्र ने राज्य के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसने रोजगार के अवसर सृजित किए हैं, सहायक उद्योगों को प्रोत्साहन दिया है तथा हजारों परिवारों की आजीविका में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसकी गौरवशाली विरासत और उल्लेखनीय योगदान ने इसे छत्तीसगढ़ की जनता के गौरव का प्रतीक बनाया है।

शहर क्षेत्र में दुर्गा पूजा पंडालों की होगी रेटिंग, विजेताओं को मिलेगा पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत में दुर्गा पूजा पंडालों में सुरक्षा, पर्यावरण अनुकूल व्यवस्था एवं सजावट ,साफ सफाई सहित विभिन्न व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से निगम ने इस वर्ष बेहतर पहल कर दुर्गा पूजा पंडालों के बीच प्रतियोगिता का आयोजित किया गया है। महापौर श्रीमती अलका बाघमार एवं निगम आयुक्त लीना कोसम के निर्देशानुसार आयोजित इस प्रतियोगिता में पूजा पंडालों का नगर निगम के गठन समितियों द्वारा

■ सुरक्षा, साफ-सफाई, पर्यावरण अनुकूल व्यवस्था और आकर्षक झांकी का होगा मूल्यांकन, निगम ने कराया सर्वे

निरीक्षण कर सुरक्षा, पर्यावरण अनुकूल व्यवस्था एवं सजावट ,साफ सफाई सहित विभिन्न निर्धारित मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा।

प्रतियोगिता के लिए नगर निगम के सभापति श्याम शर्मा एवं सांस्कृतिक विभाग प्रभारी हर्षिका संभव जैन द्वारा समिति का गठन किया गया है। दुर्गा पूजा पंडलो के गठन समितियों के नामः-विजय मनहरे, रमेश भावनकर, मिश्री गुप्ता एवं देवानंद साहू पंडालों का निरीक्षण कर बेहतर तथा उत्कृष्ट व्यवस्था करने वाली दुर्गा पूजा समिति को नगर निगम द्वारा पुरस्कार वितरण करेंगे। नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण कर निर्धारित मापदंडों के अनुसार अंक प्रदान किए जाएंगे। मूर्ति विसर्जन तक पंडालों का निरीक्षण जारी रहेगा। इन प्रमुख बिंदुओं पर होगा मूल्यांकन प्रतियोगिता में दुर्गा पूजा पंडालों को निर्धारित मानकों के आधार पर कुल 100 अंकों में मूल्यांकित किया जाएगा। इसमें सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन, पर्यावरण अनुकूल व्यवस्था, स्वच्छता एवं साफ-सफाई, झांकी की प्रस्तुति एवं रचनात्मकता तथा पंडाल की सजावट एवं आकर्षण सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

निगम ने वार्डों में कराया निरीक्षण जल्द होगी नामों की घोषणा

निरीक्षण के दौरान पंडाल परिसर एवं आसपास की साफ-सफाई, कूड़ेदान की उपलब्धता, कचरे का उचित निपटान तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग पर रोक सहित अन्य जैसे बिंदुओं की जांच की जाएगी। इसके साथ ही श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता, महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग आवागमन मार्ग, पार्किंग व्यवस्था,पर्याप्त रोशनी और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए स्वयंसेवकों की तैनाती का भी आकलन किया जाएगा। महापौर अलका बाघमार ने सभी दुर्गा पूजा समितियों से अपील की है कि वे अपने पंडालों एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखें, कचरे को निर्धारित स्थान पर डालें, पर्यावरण अनुकूल व्यवस्थाओं को प्राथमिकता दें तथा सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक नियमों का पालन सुनिश्चित करें। इस पहल का उद्देश्य पूजा समितियों को स्वच्छता एवं सुरक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना और श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराना है।

बदमाश और अपराधियों का पुलिस जुटा रही बायोमेट्रिक रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



चाकूबाजी, अन्य अपराधों में शामिल बदमाशों का नियमानुसार एमसीयू कराकर आवश्यक माप, बायोमेट्रिक डेटा संकलित किया जा रहा है। एनएएफआईएस में फिंगरप्रिंट रिकॉर्ड की प्रविष्ठ एवं संधारण किया जा रहा है। वैज्ञानिक एवं तकनीकी रिकॉर्ड को बेहतर रखना है और भविष्य में किसी आपराधिक घटना की विवेचना में इसका उपयोग किया जा सके। अब तक एमसीयू में कुल 2,153 तथा एनएएफआईएस में कुल 8,963 प्रविष्टियां दर्ज की जा चुकी हैं। यह कार्य अपराध अनुसंधान में तकनीकी साक्ष्यों के प्रभावी उपयोग की दिशा में महत्वपूर्ण है। अपराध अनुसंधान में घटनास्थल से मिले फिंगरप्रिंट, डिजिटल साक्ष्य, अन्य वैज्ञानिक साक्ष्यों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। साक्ष्यों के आधार पर संदिग्ध व्यक्ति की पहचान करना, अलग-अलग घटनाओं के बीच स्थापित करना आवश्यक होता है। दुर्ग पुलिस द्वारा आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहे व्यक्तियों का नियमानुसार एमसीयू कराकर आवश्यक माप एवं बायोमेट्रिक डेटा संकलित किया जा रहा है। फिंगरप्रिंट रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण, संधारण किया जा रहा है। घटनास्थल से मिले फिंगरप्रिंट के मिलान में सहायता भविष्य में चोरी, लूट, हत्या, चाकूबाजी और अन्य आपराधिक घटनाओं के घटनास्थल से फिंगरप्रिंट मिले होने पर उनका उपलब्ध रिकॉर्ड से नियमानुसार मिलान किया जा सकता है। रिकॉर्ड की सहायता से किसी मामले में मिले फिंगरप्रिंट या अन्य प्रासंगिक साक्ष्यों का उपलब्ध अभिलेखों के साथ परीक्षण किया जा सकता है।





विजयादशमी पर्व

अधर्म पर धर्म, असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय का पर्व

M.S. SOLAR SOLUTION
पी.एम. सूर्य घर योजना तहत
दशहरा- दीपावली ऑफर
* सर्विस की पूर्ण गारंटी *
3 KW की कीमत 1.7 लाख से शुरु
1 लाख 8 हजार रु. का सरकारी सब्सिडी का लाभ उठायें।
All AC, DC wire Cable of Standard Company with Coper
90% बैंक फाइनेंस 6% प्रतिवर्ष ब्याज दर
प्रोपराईटर
एस.एल. साहू
प्लाट-1, सड़क-12, प्रगति नगर, रिसाली
मो. - 9993507874
चैनल पार्टनर
बलराम साहू
अंजोर इण्डेन गैस के पास, उमरपोटी मार्केट
मो.- 8319704587

भगवान श्रीराम की रावण पर विजय और मां दुर्गा द्वारा महिषासुर वध की परंपरा से जुड़ा है दशहरे का महापर्व, जीवन में सदाचार, साहस और मर्यादा अपनाने का देता है संदेश

भारतीय संस्कृति में विजयादशमी केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि सत्य, धर्म और सदाचार की शक्ति का प्रतीक है। यह पर्व याद दिलाता है कि अन्याय, अहंकार और अधर्म चाहे कितने ही शक्तिशाली क्यों न दिखाई दें, अंततः विजय सत्य और धर्म की ही होती है। आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व भगवान श्रीराम की रावण पर विजय और मां दुर्गा द्वारा महिषासुर के वध की स्मृति से जुड़ा है। देशभर में दशहरा उत्साह, श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। रावण दहन, शस्त्र पूजन, देवी की आराधना और धार्मिक आयोजनों के बीच यह पर्व समाज को बुराइयों का त्याग कर अच्छाइयों को अपनाने की प्रेरणा देता है।

KENT
Mineral RO
Water Purifiers
सभी कंपनियों के स्पेयर पार्टस, आरो प्लांट एवं वाटर साफ्टनर सेल्स एवं सर्विसिंग किया जाता है
वॉटर प्यूरीफायर • वॉटर साफ्टनर
कामर्शियल आर.ओ. प्लांट • वॉटर कूलर
KENT SALES & SERVICE AVAILABLE
Authorised Dealer
SHUBHAM SERVICES
Nehru Nagar (E), Bhilai
98271-93023, 0788-4900121



विजयादशमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं...
Ramesh Mishra
SARTHI ENTERPRISES
House of Fire & Safety Equipments & Engineering Works
Specialist in Fire Fighting System and Govt. Contractor
Near IDBI Bank, Nandini Road, Bhilai
Ph.: 0788-4092503, Mob. : 9302831248, 9893287948
www.sarthient.in E-mail : sarthi.bhilai@yahoo.co.in

विजयादशमी पर्व
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
रतन यादव
प्रांत संयोजक
छत्तीसगढ़ बजरंग दल

विजयादशमी पर्व
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अलताफ अहमद
अध्यक्ष
मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग

दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध
श्रीमति वैदेही शर्मा
माँ कामख्या उपासक
फीस 251/-
श्रीमती वैदेही शर्मा माँ कामाख्या की असीम कृपा साधना द्वारा समस्या हेतु जन्म कुंडली देखकर महा दशाओं के आधार पर आर्थिक, मानसिक, शारीरिक, पारिवारिक, नौकरी एवं व्यापार संबंधित काल सर्प दोष, मांगलिक दोष, पिचाष दोष, गृहण दोष, गृहकलेश, पति- पत्नी विवाद, विवाह में बाधा, सतान सुख में कमी, गुप्त शत्रु बाधा, आकर्षण उच्चाटन मारण, मास्तिक दमन, भक्तगण इन बाधाओं से पीड़ित व्यक्ति बागुला मुखी साधना द्वारा समाधान।
माँ कामख्या ज्योतिष कार्यालय मो. 9343907851
पता: धमधा रोड, मिलन पैलेस के बाजु में, दुर्ग
समय: सुबह: 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक
शाम: 04 बजे से 07 बजे तक

विजयादशमी का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व

विजयादशमी को दशहरा भी कहा जाता है। भारतीय परंपरा में इस दिन को विजय, शुभारंभ और सकारात्मक परिवर्तन का प्रतीक माना गया है। 'विजयादशमी' शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है–'विजय' अर्थात जीत और 'दशमी' अर्थात आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दसवीं तिथि। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन भगवान श्रीराम ने लंकापति रावण का वध कर अधर्म का अंत किया था। वहीं, देवी परंपरा में यह दिन मां दुर्गा की महिषासुर पर विजय के रूप में मनाया जाता है।

नवरात्रि के नौ दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना के बाद दसवें दिन विजयादशमी का पर्व आता है। इस प्रकार यह त्योहार शक्ति की साधना, धर्म की स्थापना और बुराइयों पर विजय का संदेश देता है। देश के अलग-अलग हिस्सों में इसकी परंपराएं भले ही अलग हों, लेकिन इसका मूल भाव एक ही है–सत्य की विजय और अन्याय का अंत।

भगवान श्रीराम और रावण की कथा से जुड़ा है दशहरा

रामायण के अनुसार, लंकापति रावण ने छलपूर्वक माता सीता का हरण कर लिया था। माता सीता को मुक्त कराने और अधर्म का अंत करने के लिए भगवान श्रीराम ने वानरराज सुग्रीव, हनुमानजी और वानर सेना की सहायता से लंका की ओर प्रस्थान किया। समुद्र पर सेतु निर्माण के बाद श्रीराम की सेना लंका पहुंची, जहां राम और रावण के बीच भीषण युद्ध हुआ। युद्ध में रावण की विशाल सेना और उसकी शक्तियों के बावजूद अंततः भगवान श्रीराम ने उसका वध किया और माता सीता को मुक्त कराया। इस घटना को धर्म की अधर्म पर विजय के रूप में देखा जाता है। इसी स्मृति में विजयादशमी पर रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया जाता है।

रावण विद्वान, शक्तिशाली और शिवभक्त था, लेकिन उसका अहंकार, अनुचित आचरण और पराई स्त्री का हरण उसके पतन का कारण बने। यह प्रसंग बताता है कि ज्ञान, शक्ति और वैभव तभी सार्थक हैं, जब उनका उपयोग धर्म और मर्यादा के अनुरूप किया जाए।

मां दुर्गा की महिषासुर पर विजय का प्रतीक

विजयादशमी का संबंध केवल रामायण की कथा से ही नहीं, बल्कि देवी दुर्गा की आराधना से भी है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, महिषासुर नामक असुर ने अपनी शक्तियों के बल पर देवताओं और तीनों लोकों में आतंक फैला दिया था। उसके अत्याचारों से परेशान होकर देवताओं ने आदिशक्ति की आराधना की। देवताओं की सामूहिक ऊर्जा से मां दुर्गा का प्राकट्य हुआ। देवी ने महिषासुर से नौ दिनों तक युद्ध किया और दसवें दिन उसका वध कर दिया। इस प्रकार संसार को उसके अत्याचारों से मुक्ति मिली। देवी की यह विजय शक्ति, साहस और न्याय की स्थापना का प्रतीक मानी जाती है।

रावण दहनः बुराइयों के अंत का प्रतीक

विजयादशमी के अवसर पर देश के अनेक शहरों और कस्बों में रावण दहन का आयोजन किया जाता है। मैदानों में रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के विशाल पुतले तैयार किए जाते हैं। शाम के समय रामलीला के मंचन और भगवान श्रीराम की विजय के प्रसंग के बाद पुतलों का दहन किया जाता है। आतिशबाजी और जय श्रीराम के जयघोष के बीच यह आयोजन उत्सव का रूप ले लेता है। लेकिन रावण दहन का वास्तविक अर्थ केवल पुतले को जलाना नहीं है। यह अपने भीतर मौजूद अहंकार, क्रोध, लोभ, ईर्ष्या, छल, अन्याय और घृणा जैसी बुराइयों को समाप्त करने का प्रतीक है। यदि व्यक्ति हर वर्ष रावण का पुतला जलाता है, लेकिन अपने व्यवहार में बुराइयों को बनाए रखता है, तो त्योहार का मूल उद्देश्य अधूरा रह जाता है।

इसलिए दशहरा हमें आत्ममंथन करने की प्रेरणा देता है कि हम अपने जीवन में किन बुराइयों को स्थान दे रहे हैं और उन्हें दूर करने के लिए क्या प्रयास कर सकते हैं।

विजयादशमी और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का आदर्श

भगवान श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। उनका जीवन कर्तव्य, सत्य, त्याग, संयम और वचनपालन का आदर्श प्रस्तुत करता है। उन्होंने व्यक्तिगत सुख से ऊपर उठकर अपने कर्तव्य को महत्व दिया। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने धर्म और मर्यादा का मार्ग नहीं छोड़ा। विजयादशमी पर श्रीराम की विजय का स्मरण करते हुए उनके जीवन मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा मिलती है। परिवार में बड़ों का सम्मान, छोटों के प्रति स्नेह, समाज के प्रति जिम्मेदारी और कठिन समय में धैर्य बनाए रखना उनके आदर्शों का हिस्सा है। आज के समय में भी श्रीराम का चरित्र प्रासंगिक है। जब समाज में स्वार्थ, कटुता, अविश्वास और नैतिक मूल्यों में गिरावट जैसी चुनौतियां दिखाई देती हैं, तब श्रीराम का जीवन सत्य और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

विजयादशमी पर कई स्थानों पर शस्त्र पूजन की परंपरा निभाई जाती है। विशेष रूप से क्षत्रिय समुदाय, सैन्य परंपराओं और विभिन्न कार्यक्षेत्रों से जुड़े लोग अपने शस्त्रों, औजारों तथा कार्य में उपयोग होने वाले उपकरणों का पूजन करते हैं।

विजयादशमी पर्व
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
TRAVELTEK
Holidays Pvt. Ltd.
*Terms and Conditions apply
We're all Connected by a love for Travel !
Best Deals Discounts At Store
International Tour Package and Domestic Tour Package
TOGETHER WITH SOTC For holidays.
13, Civic Centre, Bhilai, Call : 9926707947,9826273222

विजयादशमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती चारुलता पाण्डेय जी
संरक्षक
शाही महिला शिक्षा कल्याण एवं सांस्कृतिक समिति भिलाई
राकेश पाण्डेय जी
अध्यक्ष
छ.ग. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, केबिनेट मंत्री, छ.ग. शासन
राम गोपाल शर्मा
वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, भिलाई
संचालक - श्री लक्ष्मी ट्रेडर्स
SHRI LAXMI TRADERS
Specialist in : CNC Plasma Cutting Machine, Plano Milling Machine Work & Lathe Machine Work
ALL TYPES OF IRON STEEL SCRAP MATERIAL BUYER & SUPPLIER
15 J & H, Light Industrial Area, Bhilai, Durg (C.G.)
0788-4069914 bhilai.sit@gmail.com